दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 336 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | गुरुवार, 09 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### संक्षिप्त समाचार

## अंता से कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को उम्मीदवार बनाया

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** बारां जिले की अंता सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को उम्मीदवार घोषित किया है। साल 2023 में भाया बीजेपी के कंवर लाल मीणा से हार गए थे।अब कांग्रेस ने भाया को फिर से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने बीजेपी से पहले उम्मीदवार घोषित करके उपचुनाव में रणनीतिक बढ़त लेने का प्रयास किया है।



बीजेपी भी अब जल्द उम्मीदवार घोषित करने की तैयारी में है। नरेश मीणा अंता से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होना तय है।

बीजेपी में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी सबसे प्रबल दावेदारों में हैं। इसके अलावा पार्टी कंवरलाल मीणा के परिवार से भी टिकट देने पर विचार कर रही है। वहीं बाहरी का विरोध करते हुए अंता से पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग और नंदलाल सुमन भी टिकट की दावेदारी जता रहे हैं। बीजेपी ने अंता विधानसभा चुनाव में सांसद दामोदर अग्रवाल को प्रभारी बनाया हैं। बीजेपी टिकट की रायशुमारी के लिए जल्द कोर कमेटी की बैठक बुला सकती है।

## सीकर : डांस के 10 मिनट बाद 12वीं की छात्रा की मौत

**बढ़ता राजस्थान**

**सीकर।** सीकर में डांस करने के 10 मिनट बाद 12वीं की छात्रा की मौत हो गई। वह डांस के बाद चलते-चलते अचानक बेहोश हो गई और जमीन पर गिर गई। डॉक्टरों का मानना है कि कार्डियक अरेस्ट से छात्रा की मौत हुई है। घटना मंगलवार को पलसाना कस्बे के गोविंदपुरा गांव की है।



दरअसल, 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक खाटूश्यामजी में स्टेट लेवल हैंडबॉल चैंपियनशिप में गोविंदपुरा की सरकारी स्कूल की टीम शामिल हुई थी। जीत के बाद मंगलवार को टीम गोविंदपुरा गांव लौटी तो डीजे के साथ रैली निकाली गई। इस रैली में छात्रा मोनिका मीणा (16) भी शामिल हुई थी। उसने रैली में डांस किया था।

रैली पूरी होने के बाद सभी स्टूडेंट्स स्कूल की तरफ आ गए। मोनिका अपनी क्लास की तरफ जा रही थी। इस दौरान चलते-चलते अचानक वह बेहोश हो गई। साथी छात्राओं ने इसकी जानकारी स्टाफ को दी।

स्कूल स्टाफ छात्रा को पलसाना हॉस्पिटल लेकर गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉ. प्रभुदयाल बराला का कहना है कि मौत का कारण कार्डियक से जुड़ी दिक्कत भी हो सकती है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं परिजनों का कहना है कि सुबह स्कूल गई थी, तब एकदम स्वस्थ थी मोनिका आर्ट्स की स्टूडेंट थी।

## अनंतनाग से सेना के 2 जवान तीन दिन से लापता

**बढ़ता राजस्थान**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई है। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गदूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे। फिलहाल दोनों की तलाश जारी है।

### बोले - कांग्रेस सरकार ने विदेशी दबाव में कार्रवाई न कर कमजोरी का दिया था संदेश, आतंकियों के सामने घुटने टेके

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना : पीएम मोदी

**बढ़ता राजस्थान**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन के दौरान कही। अभी इसकी क्षमता सालाना 2 करोड़ यात्रियों की है और रोजाना 60 फ्लाइट उड़ सकेंगी। पहले फेज में एक टर्मिनल और रनवे बनाया गया है।

पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितंबर को चिदंबरम ने कहा, '26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया।'

पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम मोदी बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे।

साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका।



**गरीबों का सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है :** गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुईं उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। मार्केट के आंकड़े बताते हैं, इस बार नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे। मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी है, स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

**महाराष्ट्र के किसान यूरोप से जुड़ जाएंगे :** यहां दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना। ये एयरपोर्ट इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आज मुंबई को पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो मिली। इससे सफर आसान होगा। ये विकसित होते भारत का प्रतीक है। मुंबई जैसे शहर में जमीन के नीचे सभी इमारतों को सुरक्षित रखते हुए शानदार मेट्रो बनाई गई है।

नवी मुंबई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में विकसित भारत की झलक है। कमल के फूल जैसा आकार है। यानी संस्कृति का प्रतीक है। महाराष्ट्र के किसान यूरोप से जुड़ जाएंगे, जिससे उनकी उपज इंटरनेशनल मार्केट में पहुंचेगी। निवेश बढ़ेगा, नए उद्योग और कारखाने लगेंगे। जब सपने को सिद्ध करने का संकल्प और इच्छा शक्ति हो तो नतीजे भी मिलते हैं।

### 2030 तक भारत एमआरओ हब बनेगा

भारत ने 1000 से ज्यादा नई उड़ानों का ऑर्डर दिया है। इसके लिए मेंटेनेंस की सुविधा भी डेवलप होगी। 2030 तक भारत एमआरओ हब बनेगा। जिससे रोजगार मिलेगा युवाओं को। हम सबसे युवा देश हैं। हमारा फोकस युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने का है। सरकार इसी ओर गतिमान है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्ट, एयरपोर्ट पर निवेश से रोजगार बढ़ रहा है। हमारे संस्कार में राष्ट्रनीति ही राजनीति का आधार है। दूसरी तरफ ऐसी धारा है जो जनता नहीं, सत्ता की सुविधा को ऊपर रखते हैं। जनता के विकास पर बाधा डालते हैं। ये लोग घोटाले करते हैं।

### मुठभेड़ में 19 लड़ाके भी मारे गए; भारत पर हमलावरों की मदद का आरोप

# पाकिस्तानी तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद**

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं।

अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी। इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया।

पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्रॉक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं।



### पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बना टीटीपी

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

# केमिस्ट्री का नोबेल जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों को

### एटम के नए डिजाइन बनाए; प्रदूषण हटाने, कार्बन डाइऑक्साइड को साफ करने और रेगिस्तानी हवा से पानी निकालने में इस्तेमाल

**स्टॉकहोम**

इस साल केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया।

इन्होंने ऐसे एटम बनाए हैं जिनमें बड़े-बड़े खाली हिस्से होते हैं, जिनसे गैस और अन्य रासायनिक पदार्थ आसानी से गुजर सकते हैं। इन संरचनाओं को मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स (एमओएफ) कहते हैं। इसमें ऐसे क्रिस्टल बनते हैं, जिनमें बड़े खाली हिस्से होते हैं।





ये खास तरह से डिजाइन किए जा सकते हैं ताकि वे किसी खास चीज को कैप्चर कर सकें या स्टोर कर सकें।

इनका इस्तेमाल रेगिस्तानी हवा से पानी इकट्ठा करने, प्रदूषण हटाने, कार्बन डाइऑक्साइड को साफ करने, जहरीली गैसों को स्टोर करने या रासायनिक क्रियाएं तेज करने में किया जा सकता है।

विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। यह प्राइज मनी इन तीनों के बीच बंटेगी। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

# आंध्र प्रदेश : पटाखा फैक्ट्री में आग, 6 की मौत

**बढ़ता राजस्थान**

**रायवरम।** आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले के रायवरम में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बुरी तरह झुलस गए शवों की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। कई लोग घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।



पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। मृतक पटाखा फैक्ट्री के मजदूर हो सकते हैं। शवों की पहचान की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पटाखा फैक्ट्री के पास मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस था। मीडिया रिपोर्ट में पटाखा बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका की खबरें हैं। दूर से रिकॉर्ड किए एक वीडियो में फैक्ट्री से धुएं का गुबार काफी ऊंचाई तक उठता हुआ दिखा। इस दौरान कई धमाके भी हुए। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने × पर लिखा- इस दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर से गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों, वर्तमान स्थिति, राहत कार्यों और चिकित्सा सहायता के बारे में बात की है।




# गुजरात और राजस्थान मिलकर सशक्त औद्योगिक कॉरिडोर का कर रहे निर्माण : भजनलाल शर्मा

**बढ़ता राजस्थान**

**सूरत/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियां राज्य के लोगों, विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि (सूरत) के साथ ही अपनी मातृभूमि (राजस्थान) के विकास में भी योगदान दें। शर्मा बुधवार को गुजरात के सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुजरात और राजस्थान का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच रत्न एवं आभूषण, फार्मा, वस्त्र उद्योग और राज्य में प्रस्तावित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स जैसे क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक सहयोग की भी अपार संभावनाएं हैं। राजस्थान को मिलकर बनाएं 'जेम्स एण्ड ज्वेलरी हब' मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरत और राजस्थान उद्यमिता, सृजनशीलता और धैर्य की साझा भावना से जुड़े हैं। सूरत हीरे की कटाई और सिंथेटिक टेक्सटाइल्स के लिए विश्व प्रसिद्ध है, वहीं राजस्थान रंगीन पत्थरों, कुंदन, मीनाकारी, वस्त्र और रत्नों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर राजस्थान को विश्व का 'जेम्स एंड ज्वेलरी हब' बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उत्कृष्ट योगदान के लिए मिलेगा 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार' र्मा ने 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस में प्रवासी राजस्थानियों को बड़ी संख्या में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि देश के बड़े उद्योगपतियों में प्रवासी राजस्थानी शामिल हैं, जो हमारे गौरव का प्रतीक है।



# नगर निगम चुनाव में 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगी शिवसेना

## शिवसेना प्रदेश प्रमुख प्रहलाद सिंह पालड़ी ने उदयपुर जिला कार्यालय का किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शिवसेना राजस्थान के प्रदेश प्रमुख प्रहलाद सिंह पालड़ी एवं नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश वैष्णव ने आज सुरजपोल बाहर सिथत रंगभवन के पास शहर जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पालड़ी ने कहा कि वे दो दिवसीय उदयपुर संभाग के दौरे पर आये है। जहां वे विभिन्न जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा करेंगे एवं पार्टी की स्थिति मजबूत करने हेतु कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश वैष्णव ने कहा कि आगामी नगर निगम चुनावों में उदयपुर में पार्टी शहर के सभी 80 वार्डो पर चुनाव लड़ेगी क्योंकि पिछले 30 वर्षो मं भाजपा के बोर्ड ने शहर में विकास के नाम पर लीपापोती की है। भाजपा नेताओं ने आयड़ नदी को वेनिस की नदी बनानें के नाम पर करोड़ों रूपयें खर्च करवा दिये लेकिन उस नदी में एक सकड़ा सा नाला बनाकर रख दिया। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव में शिवसेना पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से बातचीत कर भाजपा के साथ 10 सीटों पर सीट शेयरिंग करनें का भी विचार है। यदि भापजा इस पर सहमत हो जाती है तो ठीक वरना 80 सीटों पर हर हाल में पार्टी चुनाव लड़ेगी। वैष्णव ने कहा कि पार्टी शहर में शहर को स्वच्छ,स्वस्थ बनानें एवं अतिकमण मुक्त एवं कब्जा मुक्त उदयपुर बनानें पर जोर शोर से कार्य करेगी। कार्यक्रम के पश्चात प्रहलादसिंह पालड़ी,राजेश वैष्णव, चैळान गुड्स कार्गो के अशोक जैन, रविराज सोनी, बाबूलाल सालवी,विनोद खटीक,सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की ओर से देबारी निवासी दिव्यांग किशोर गमेती को निःशुल्क विजय पटेल,जगदीश प्रजापत,चेतन कुमावत,हिम्मतसिंह, दिग्विजयसिंह राठौड़,रा जकुमार सोनी, साहबसिंह,राजकुमार सुहालका,विशाल सुहालका, रामलाल गुर्जर ने ट्राई साइकिल प्रदान की। इसके साथ ही असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए शिवसेना की एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ भी किया गया, जिसका संचालन चैहान गुड्स कार्गो द्वारा किया जाएगा। यह सेवा शिवसेना की जनसेवा और सामाजिक सरोकार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से उदयपुर संभाग की 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया, जो चुनावी तैयारियों के साथ-साथ संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेगी।

नवगठित कार्यालय प्रतिदिन प्रातः 8बजे से रात्रि 10 बजे तक आमजन के लिए जनसुनवाई हेतु खुला रहेगा, ताकि नागरिक सीधे संगठन से संवाद स्थापित कर सकें। कार्यक्रम में शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी से रुपए हड़प लिए, तकाजा करने पर धमकियां दिला रहा

## शहर के युवाओं ने कलक्टर व एसपी को दिया परिवाद

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** शहर के युवाओं ने एक दवा विक्रेता पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने एवं झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां देने का आरोप लगाते हुए जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक को परिवाद पेश किया है। दवा विक्रेता ने झांसा देकर उनके पास से बड़ी रकम उधार ले ली तथा अब लौटाने से इनकार कर रहा है। तकाजा करने वाले लोगों को झूठे मुकदमे फंसाने की धमकियां देने का आरोप लगाया है। परिवाद में बताया कि रामपुरानिवासी दिलीपकुमार प्रजापत पुत्र नरेशकुमार प्रजापत शहर में गोयली चौराहे के समीप दवा की दुकान संचालित करता है। आरोप है कि अलग-अलग लोगों को मुनाफे का झांसा देते हुए यह बड़ी रकम हड़प लेता है तथा तकाजा करने पर दुव्यवहार करते हुए झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दे रहा है। इसकी दुकान पर तकाजा करने जाने पर पुलिस बुलाकर धमकियां दिलाता है। परिवाद में बताया कि इसे फोन-पे, आरटीजीएस व नकद रूप से बड़ी राशि दी गई है, जो उसने हड़प ली है। लोगों को झांसे में लेने के लिए यह दुकान पर बुलाता है। पास में ही इसने डॉक्टर कक्ष भी बना रखा है, जिसमें मरीजों का इलाज करने के लिए सरकारी अस्पताल के डॉक्टर आकर बैठते हैं। लोगों को वह अपनी दुकान व डॉक्टर कक्ष दिखाकर झांसा देता है कि आप लोग यहां इन्वेस्ट करोंगे तो बड़ा मुनाफा दूंगा। लाखों रुपए हड़पने के बाद यह दवा विक्रेता अब न तो फोन रिसीव करता है और न पैसे लौटा रहा है। जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने एवं धमकियां दिलाने का भी आरोप लगाया है। युवकों ने दवा विक्रेता पर कार्रवाई कर उनकी राशि दिलवाने की मांग की है। इस दौरान सिरोही निवासी सुरेशकुमार पुत्र मूलाराम मीणा, पुष्पेन्द्र राणा पुत्र नरसाराम राणा, प्रवीणकुमार पुत्र गणेशाराम माली, प्रवीणकुमार पुत्र बाबाराम मेघवाल, मनीष पुत्र रमेश सगरवंशी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस को देख थैला फेंक कर भागा युवक, मिले चार पिस्टल

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** मंडार कस्बे में पुलिस को देखकर एक युवक थैला फेंककर भाग गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर थैले की तलाशी ली तो उसमें से चार पिस्टल बरामद किए। अब पुलिस उस युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात गश्त के दौरान सरकारी अस्पताल के सामने एक युवक खड़ा मिला। कांस्टेबल टीकमाराम ने उससे कुछ पूछने का प्रयास किया, लेकिन युवक पुलिस को को देखकर भाग निकला। पीछा करने पर युवक अपने पास काथैला गली में फेंककर फरार हो गया। कांस्टेबल ने थैला कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें चार पिस्टल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन युवक हाथ नहीं लगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उदयपुर आगमन पर स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को भीलवाड़ा से सडक़ मार्ग द्वारा सायं उदयपुर के महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। ाजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट पर पहुंचने पर गहलोत का मेवाड़ी परंपरा के अनुसार मेवाड़ी पगड़ी, तिरंगी सूत की माला और उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। शर्मा ने बताया कि गहलोत उदयपुर डबोक एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा मुंबई के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर ताराचंद मीणा, पंकज कुमार शर्मा, संजय मंदवानी, अशोक राव,प्रमोद कुमावत, कुलदीप चुंडावत सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय विज्ञान मेला में ए एम पी एस के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जिला स्तरीय विज्ञान मेला आज विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली में आयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण जिले की 12 विद्यालयों की टीमों ने सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सेमिनार प्रतियोगिता में आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन के ऋषि सिंघल पुत्र साकेत सिंघल कक्षा 9 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इसी क्रम में आशीष मेमोरियल विद्यालय हिंडौन की छात्रा चेष्टा सिंघल पुत्री अतुल सिंहल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूरे जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ऋद्धि चंद जैन एडवोकेट प्रशासक अशोक शर्मा प्रधानाचार्य वर्धमान जैन श्रीमती विकास शर्मा एवं प्रभारी बृजेश नागर ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की एवं आगामी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं दी।

# घनश्याम इरनिया बने करौली जिला कोर्डिनेटर

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सूरजमल कर्दम, राष्ट्रीय चैयरमेन,ृयष्ट दिल्ली डॉ.उदित राज के निर्देशानुसार करौली जिला कोर्डिनेटर के पद पर इरनिया निवासी घनश्याम मीणा को नियुक्त किया है। मीणा की नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने खुशी जताई। मीणा ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी प्रमोद गांधी , करौली जिला अध्यक्ष शिवराज मीना, राजस्थान प्रदेश संगठन महासचिव प्रेमसिंह मीना ,हिण्डौन सिटी विधायक अनीता जाटव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बहुत बहुत धन्यवाद जो मुझे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने न्यू जिम्मेदार सोपी गई है, (करौली- जिला कोर्डिनेटर पद) पर नियुक्त किया गया है। मै वचन लेता हूं कि इस पद पर कार्यरत रहकर में करौली जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा।

# समाज सेवा की मिसाल बनी 'माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जानी जाने वाली माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति, पावटा ने समाज उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वर्ष 2013 में पावटा व संपूर्ण कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से इस समिति की स्थापना समाजसेवी मोहन सैनी ने की थी। समिति के सदस्य विभिन्न सामाजिक कार्यों में जुटे हुए हैं। 'परिंडा लगाओ - परिंडा बचाओ' और 'पौधारोपण अभियान' जैसे अभियानों के तहत समिति ने क्षेत्र में पांच हजार से अधिक पौधे लगाए हैं और उनकी नियमित देखभाल की जाती है। इसके अलावा, गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए 2700 परिंडे लगाए गए हैं। समिति ने लावारिस व आवारा पशुओं की सेवा के लिए 75 पानी की टंकियां भी रखवाई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी समिति ने 335 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए हैं। कोरोना काल में समिति ने 7100 मास्क वितरित किए और 700 लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया। समिति ने जनहित में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, जांच शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं और जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन भी उपलब्ध करवाया जाता है। समिति को इन सेवा कार्यों के लिए उपखंड और जिला स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

# बकरिया चोर गिरोह के दो आरोपी पकड़े

## नशे का शौक पूरा करने के लिए करते थे बकरिया की चोरी

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नशे की गिरफ्त में युवा अब चोरी की वारदाते करने लग गये है। नैनवां पुलिस टीम द्वारा बकरिया चोरी मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पुछताछ में यह मामला सामने आया है,कि वह नशे के आदी है। नशा के जुगाड़ के लिए बकरिया की चोरी करके बेच देते है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि 28 सितम्बर को सुंथली निवासी चेतराम ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि वह मजदूर है,जो नैनवां में रहता है। सुंथली में उसका मकान है। जिसके बाड़े में बकरिया बंधी हुई थी। 26 सितम्बर की रात्रि को अज्ञात चोर उसकी तीन बकरिया को चोरी करके ले गये। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करके अनुसंधान किया गया। इस दौरान जॉच में सामने आया कि अमीन पुत्र दोलत निवासी नगर रोड़ नैनवां व सरबीत पुत्र सलीम निवासी कच्ची बस्ती निवाई थाना निवाई ने मिलकर बकरिया चोरी की गई। चोरी में उपयोग में ली गई होण्डा सीटी कार को जप्त किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। कार्यवाही टीम में थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,एएसआई रमेश कुमार,कांस्टेबल रामेश्वर,रामप्रसाद,जोधराज शामिल रहे। बाइक चोर गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा- नैनवां पुलिस टीम ने बाइक चोरी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए नैनवां कस्बे के वाडऱ् दो निवासी नन्दलाल आत्मज लटूर गुर्जर जवाणा का झोपड़ा को दो बाइक चोरी प्रकरण में गिरफ्तार करके न्यायलय में भेजा जहां आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी नैनवां पालिका में कार्मिक होना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि एक माह पूर्व उनियारा तिराहे एंव देई माताजी के सामने से बाइक चोरी की वारदात हुई थी। प्रकरण में दो आरोपी धर्मराज निवासी भीमगंज गिरफ्तार किया जा चुका है। दूसरे धर्मराज निवासी सुहरी को अनिरूद्व किया गया है।

# सहकारिता अभियान को मिली गति सदस्यों को जोड़ने का सिलसिला जारी

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** सहकार सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरअरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें उप रजिस्ट्रार विनोद कोठारी ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार राजसमंद जिले में सहकार सदस्यता अभियान के लिए कार्य योजना तैयार की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ा जा सके।उन्होंने बताया कि जिले में लंबे समय से ग्राम सहकारी समितियों के व्यवस्थापक हड़ताल पर थे, जिससे अभियान की गति प्रभावित हो रही थी। श्री गौतम दक, राज्य सहकारिता के हस्तक्षेप से सोमवार को व्यवस्थापकों की हड़ताल समाप्त हो गई।हड़ताल समाप्त होने के बाद अब सहकार सदस्यता अभियान को नई गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जिले में सहकारिता की पहुंच हर ग्राम स्तर तक सुनिश्चित की जा सके।

**पीएम किसान सम्मान निधि का मिलेगा लाभः** राज्य में 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा 'सहकार सदस्यता अभियान' पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित किसानों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के कार्य आसानी से पूर्ण हो पा रहे हैं, जिससे उन्हें सम्मान निधि की किश्तों का नियमित भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। राज्य में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के ऐसे 77.73 लाख लाभार्थी हैं, जिनका भूमि सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है। ये लाभार्थी योजना के अंतर्गत सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। लेकिन इनमें से कई किसानों ने अभी तक आधार सीडिंग व ई-केवाईसी नहीं करवाई है। उल्लेखनीय है कि योजना की 15वीं किश्त से आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है, और जिन किसानों ने यह कार्य नहीं करवाया है, उनकी किश्तें अस्थायी रूप से रुकी हुई हैं। सहकार सदस्यता अभियान' के शिविरों में आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी को प्रमुख गतिविधि के रूप में शामिल किया गया है। इससे किसानों को एक ही स्थान पर यह सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही। पात्र किसान ई-मित्र, कॉमन सर्विस सेंटर या मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं भी फेस रिकग्निशन द्वारा आधार सीडिंग कर सकते हैं। इसके लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार, ई-केवाईसी के लिए पटवारी या तहसील कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

## उदयपुर प्रीमियर लीग

# हल्दीघाटी योद्धाज, अरावली एवेंजर्स और पिछोला पैंथर्स ने जीते मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** यूपीएल (उदयपुर प्रीमियर लीग) के तहत बुधवार को हल्दीघाटी योद्धा ने फतह फाल्कन को 13 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हल्दीघाटी योद्धा ने 153 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी फतह फाल्कन निर्धारित ओवर्स में 140 ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच ओम बडलियास ने 3 विकेट लिए। दूसरे मैच में अरावली अवेंजर्स ने लेक टाइटंस को 4 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच चेतन वैष्णव ने 2 विकेट लिए। तीसरे मैच में पिछोला पैंथर्स ने चेतक स्टालिन्स को 13 रन से हराया।

श्रेय रावल ने शानदार ऑलराउंड करते हुए 34 गेंदों में 77 रन की पारी खेली और 2 विकेट लिए और मेन ऑफ द मैच बने। मुख्य अतिथि लकी ऑफसेट प्रिंटर के डायरेक्टर अरिहंत जैन ने मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

# विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 अक्टूबर को,पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज के बालाजी मंदिर परिसर धालेड़ा में उडान टीम जन सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 12 अक्टूबर को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रविवार को प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लेंगे। शिविर संयोजक हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि बुधवार को टोरड़ा गुजरान मंदिर महंत मंगलदास महाराज द्वारा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महंत जी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक पुण्य कार्य है, जिससे हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षाविद् जीएल यादव और डॉ. केशव स्वामी ने भी रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक सच्ची सेवा है और इससे समाज को एक नई दिशा मिलती है। हम सभी को इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिए। शिविर संयोजक ने सभी से अपील की है कि वे इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढक़र भाग लें और अपना बहुमूल्य रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि इससे हमारे शरीर को भी कई लाभ होते हैं। उडान टीम जन सेवा समिति की ओर से आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

## पंच तीर्थ पावटा की बाग में सांस्कृतिक रंगों से सजी रात

# शरद पूर्णिमा डांडिया महोत्सव में झूमे युवा और महिलाएं

08
बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** स्वच्छ केलवा हरित केलवा एवं स्वामी विवेकानंद युवा मंडल की ओर से शरद पूर्णिमा के अवसर पर पंच तीर्थ पावटा की बाग में एक दिवसीय डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा राधा-कृष्ण एवं अंबे माता की आरती के साथ हुआ।अध्यक्ष लालूराम सिंधल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना और समाज में एकता एवं सौहार्द का संदेश देना है। कार्यक्रम प्रभारी भवानी शंकर सिंधल ने जानकारी दी कि डांडिया रास प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित कुल 151 पुरस्कार प्रतिभागियों को प्रदान किए गए।संयोजक जितेंद्र महात्मा ने बताया कि डांडिया नृत्य के साथ मंच से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', स्वच्छता, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए गए।

महोत्सव के मुख्य अतिथि राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नानालाल सिंधल, महेंद्र कोठारी (अपेक्स), रमेश बोराणा एवं सुनील साहू उपस्थित रहे, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में रामलाल तेली, शत्रुघ्न सिंह राठौड़, लोकेश राव, रामलाल चपलौत, राजकुमार पालीवाल और मोहन मौजूद रहे।पुरस्कार वितरण में निर्णायक की भूमिका कामाक्षी गौतम ने निभाई। आयोजन में अध्यक्ष लालूराम सिंधल, संरक्षक महेंद्र कोठारी (अपेक्स), रमेश बोराणा, प्रभारी भवानी शंकर, संयोजक जितेंद्र महात्मा, सह संयोजक अशोक माली, हरिस साहू, कमलेश पालीवाल, पिंटू माली, अजय पालीवाल, कुणाल तेली, मुकेश माली, ललित माली, महेंद्र रैगर, विपुल चंदेल और कन्हैया खटीक सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।महिलाओं की सहभागिता भी विशेष रही। हंसा राठौड़, मीना रजक, ज्योति महात्मा, प्रीति साहू, पायल माली, हेमा मीणा, स्नेहा माली, रेखा राठौड़, पूजा सुथार और शिवानी वैष्णव सहित कई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक डांडिया रास में भाग लिया।रात देर तक चले इस डांडिया महोत्सव में संगीत, नृत्य और उल्लास का रंग छाया रहा। पूरा वातावरण पारंपरिक संस्कृति, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में 'मिशन कर्मयोगी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एन. आई.ए.), जयपुर में जयपुर में 7 अक्टूबर से संस्थान में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है । प्रथम बैच में 30 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया, जिससे इस महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण पहल की शुरुआत हुई।

यह प्रशिक्षण भारत सरकार की मिशन कर्मयोगी - राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन लाना, सेवा प्रदाय तंत्र को सुदृढ़ बनाना तथा शासन प्रणाली में जन-केंद्रित दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है। एन.आई.ए. जयपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी श्रेणी के कर्मचारियों में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। प्रशिक्षण सत्रों में द्वत्रह्लञ्ज कर्मयोगी प्लेटफॉर्म का परिचय, व्यवहारिक कौशल, संस्थागत मूल्यों तथा प्रदर्शन सुधार तकनीकों पर मार्गदर्शन शामिल है।

संस्थान के कर्मचारियों द्वारा इस पहल को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जो निरंतर सीखने और संस्थागत उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आने वाले चरणों में सभी शेष कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा ताकि मिशन कर्मयोगी के दिशा-निर्देशों के अनुसार 100प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

## राजस्थान में अंसारी समाज की आवाज़ युवाओं के भविष्य के लिए पाँच अहम माँगें रखी गईं



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान में अंसारी समाज के शिक्षा और सामाजिक विकास को लेकर एक बड़ी पहल सामने आई है। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन (राजस्थान प्रदेश) ने राज्य सरकार से समाज के विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य को सँवारने के लिए ठोस कदम उठाने की माँग की है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी ने माननीय उपमुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अंसारी समाज शिक्षा, रोजगार और संसाधनों के अभाव में पिछड़ रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सरकार को विशेष योजनाएँ बनानी चाहिए।

**संगठन ने रखी ये प्रमुख माँगें**

1.अंसारी समाज छात्रावास हर जिले में मेधावी और निर्धन छात्रों के लिए हॉस्टल की स्थापना।

2.सामुदायिक पुस्तकालय व ई-लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा।

3.अंसारी समाज सामुदायिक भवन सामाजिक कार्यक्रमों और प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए भवन निर्माण।

4.स्किल डेवलपमेंट एवं कोचिंग सेंटर युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण।

5.छात्रवृत्ति व ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता।

## पहली बार विजयवर्गीय समाज का दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी आयोजन 22 अक्टूबर को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जगतपुरा क्षेत्र के समस्त विजयवर्गीय समाज बंधुओं को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि क्षेत्र में पहली बार दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिनांक 22 अक्टूबर 2025, बुधवार को संगम भवन, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में संपन्न होगा। जगतपुरा क्षेत्र में निवास करने वाले सभी विजयवर्गीय बंधुओं से निवेदन है कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाज की एकता और सौहार्द का प्रतीक इस आयोजन की शोभा बढ़ाएं। कार्यक्रम का आयोजन विजयवर्गीय समाज, जगतपुरा द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष बनवारी लाल विजय (बांदीकुई वाले) हैं और अन्नकूट कार्यक्रम के संयोजक राम निरंजन विजय (मालपुरा वाले) हैं।

### रेवाड़ी से फुलेरा की ओर जा रही मालगाड़ी

# रींगस में रेल हादसा, मालगाड़ी के 40 डिब्बे उतरे पटरी से

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रेवाड़ी- फुलेरा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे ट्रैक पर सोमवार रात्रि मालाकाली गांव में स्थित न्यू श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन यार्ड में बड़ा रेल हादसा हो गया। हादसे में मवेशी के टकराने के बाद मालगाड़ी के करीब 40 डिब्बे पलट गये।

हादसे के बाद डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ट्रैक पर पूरा यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार रेवाड़ी से फुलेरा की ओर जा रही मालगाड़ी के आगे न्यू श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के पास रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे मवेशी आ गया। मवेशी टकराने के बाद दो हिस्सों में कट गया। मवेशी का एक हिस्सा ट्रैक के बाहर गिरा तो दूसरा हिस्सा ट्रैक के ऊपर ही गिर गया जो इंजन के नीचे फंसते हुए ट्रेन के अन्य डिब्बों में फसता चला गया।

मवेशी के ऊपर से करीब 10 डिब्बे निकालने के बाद पीछे के करीब 40 डिब्बे पलट गए। ट्रेन की गति अधिक होने के चलते डिब्बे एक दूसरे के ऊपर पलट गए। हादसे की सूचना पर रेलवे की राहत दल मौके पर पहुंचा व ट्रेन को ट्रैक से हटाने का कार्य प्रारंभ करवाया। हादसे की सूचना पर अल सुबह ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ भी जमा होने लग गई। इसे नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ व डीएफसी के सुरक्षा जवानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मालगाड़ी के 22 डिब्बों में चावल भरा हुआ था जिसे श्रमिकों की मदद से खाली करवाया गया। हादसे के बाद रेलवे के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का जायजा लिया।

**रेलवे स्टेशन के यार्ड को हुआ भारी नुकसान:** रेल हादसे के दौरान न्यू श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के यार्ड को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे के दौरान डिब्बे पलट कर बिखरते हुए तीन ट्रैकों पर चले गए जिसके चलते तीनों ट्रैकों के ही स्लीपर व पटरिया क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विद्युत लाइनों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देर शाम तक भी रेलवे ट्रैक को सही करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी था।

**भारतीय रेलवे के ट्रैक पर डाइवर्ट करवाया ट्रैफिक :** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे ट्रैक पर केवल मालगाडियों का ही परिवहन संचालित होता है ट्रैक बात होने के चलते माल गाडियों को भारतीय रेलवे के ट्रैक पर डाइवर्ट करके गुजर गया। कई ट्रेनों को तो डीएफसी के रेलवे स्टेशनों पर ही ठहराव करवाया गया।

## राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय साईबर अपराध समन्वय केंद्र 14 सी नई दिल्ली एवं आयुक्तालय के आदेशानुसार राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक प्रो. अशोक सिंह ने अतिथियों एवं कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत की।

प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मोबाईल व इंटरनेट पर कम से कम समय खर्च करने की सलाह दी और अपने कैरियर पर फोकस करने को कहा। मुख्य वक्ता जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने विद्यार्थियों को साईबर क्राईम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को सोशियल मीडिया के नशे से दूर रहने की राय दी। उन्होंने बताया कि हमारी अज्ञानता और लालची प्रवृत्ति के कारण हम साईबर अपराधों का आसान शिकार होते हैं। सोशियल मीडिया के युग में हमारी निजता और डेटा सुरक्षित नहीं है। अपनी सारी जानकारी सोशियल मीडिया पर शेयर करं हम डिजिटल फुट प्रिंट को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने फिशिंग, क्रिप्टो जैकिंग, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाईन बैंकिंग ठगी, साईबर ट्रेडिंग आदि की विस्तृत जानकारी दी।

एसपी बिश्नोई ने कहा कि हमें अनजान कॉल, मैसेज और लिंक से नहीं जुडना है। साईबर अपराधों की शिकायत के लिये ष्4इद्दगह्म्ष्ह्म्द्बद्वद्द.द्दश1.द्बठ्ठ मेल या 1930 पर कॉल की सुविधा के बारे में बताया। विद्यार्थियों को अपने आसपास के लोगों को भी इस सम्बन्ध में जागरूक करने को कहा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने आभार व्यक्त किया।

## सैनी सभा संस्था रजि द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित




### चतुर्थ परिचय सम्मेलन का योजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** सैनी सभा भवन नंबर एक में सैनी सभा संस्था रजि द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष रामकुमार सैनी की अध्यक्षता में कार्यकारणी की आवश्यक मीटिंग हुई। जिसमें विवाह सम्मेलन के बारे में चर्चा की गई।पूर्व मे 14 जनवरी2023 को आमसभा में निर्णय लिया गया था सैनी विकास संगठन द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जा रहा है। सैनी सभा संस्था ( रजि 315/87-88 की जिम्मेदारी नहीं है। उक्त संगठन द्वारा किया जा रहा सामूहिक विवाह सम्मेलन व्यक्तिगत है जिसमें स्वागत करता भी कोटपूतली से बाहर के लोग है।

विवाह सम्मेलन से कोटपूतली सैनी सभा संहिता की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी उक्त सम्मेलन में समाज द्वारा दिए जाने वाला दान दहेज व अन्य सामान सैनी सभा संस्था कोटपूतली की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।सैनी विकास संगठन व्यक्तिगत संस्था है जिसमें सैनी समाज व सैनी सभा संस्था का कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है।

ना ही सैनी सभा संस्था का कोई लेना देना नहीं है उक्तनिर्णय 14 जनवरी 2023 की आम सभा में लिया गया था अब तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवंबर 2025 को सैनी सभा संस्था द्वारा किया जा रहा है सैनी समाज व सैनी सभा संस्था का पूर्ण सहयोग और जिम्मेदारी रहेगी।समिति के उपाध्यक्ष उदय तोदवाल ने बताया की चतुर्थ परिचय सम्मेलन का आयोजन।मीटिंग में राकेश सैनी पूर्व अध्यक्ष,बिडदी चंद सैनी पूर्व अध्यक्ष,रोहतास सैनी पूर्व प्रधान सैनी सभा,सैनी समाज अध्यक्ष रामसिंह सैनी, विजय सैनी एडवोकेट सचिव विवाह समिति, रामजीलाल सैनी कोषाध्यक्ष, सैनी समाज उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव योगेश सैनी एडवोकेट, ज्ञान प्रकाश सैनी रामजीलाल सैनी, राजेश सैनी एडवोकेट, प्रचार प्रचार मंत्री विवाह समितिबिल्लूरामसैनी (पत्रकार),संरक्षक ओमप्रकाश सैनी, महावीर सांखला, रमेश सैनी सब्जी मंडी अध्यक्ष, आदि संख्या में सैनी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महिला संगठन जयपुर द्वारा डांडिया रास का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** अखिल भारतीय वैश्य महिला संगठन जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को डांडिया रास का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएँ, पुरुष , युवक-युवतियों एवं बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए तथा उत्साहपूर्वक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आशा हरीश जी एवं कौर कमेटी टीम ने दीप प्रज्वलन एवं मां अम्बे की आरती के साथ किया गया, एवं तत्पश्चात सभी महिला पुरुषों माँ अम्बे की आरती कर पारंपरिक संगीत की धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। पूरे कार्यक्रम में उल्लास, एकता और संस्कृति की झलक दिखाई दी। संगठन की पदाधिकारी आशा जी ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में पारिवारिक एकता और महिलाओं के बीच आत्मीयता का भाव प्रगाढ़ होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे आशा जी की टीम के सभी सदस्यों संगीता जी, रंजीता जी, रेखा जी, मंजू जी एवं अन्य सभी ने दिन रात खूब मेहनत की कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को अलग अलग श्रेणी में सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर संगठन की वरिष्ठ सदस्याओं एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला संगठन की टीम ने किया।

### 5 गुमशुदा एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद, मोबाईल पाकर पीड़ितों के चेहरे खिले

# थाना सांभरलेक पुलिस की बड़ी उपलब्धि...

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स)।** समीपवर्ती सांभर पुलिस ने उत्कृष्ट कार्यशैली और सतर्कता का परिचय देते हुए गुमशुदा व चोरी हुए 05 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। मोबाइल प्राप्त होने पर पीडितों के चेहरों पर खुशी और संतोष की लहर दौड़ गई। जानकारी देते हुए

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जिले में गुमशुदा-चोरी हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी कर परिवादियों को लौटाने के सम्बंध में अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। अभियान के तहत दूदू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा व सांभरलेक पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्र के सुपरविजन एवं थानाधिकारी सांभरलेक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने अपनी सक्रियता, सूझबूझ और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए टीम को सटीक दिशा प्रदान की। पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल से प्राप्त तकनीकी जानकारी का कुशल उपयोग कर, विभिन्न जिलों जयपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़ और कस्बा सांभरलेक से मोबाइल फोनों को ट्रेस आउट कर 5 मोबाइल फोन बरामद किया। इसके बाद मोबाइल उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए गए। जिससे पीडितों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार की नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सराहना व्यक्त की है।

**Office of the Gram Panchayat Motiwada, P. S. Rajgarh, Alwar**

No. 251-253 Date : 08-10-2025

**Notice Inviting Bid**

E-bid No. 01/2025-26 (No. 246-250 dt. 06.10.2025) of सी. सी. सड़क निर्माण कार्य अपूर्ण सी.सी. से रोशन कुमावत के मकान की ओर पूरियाला का बास, सी. सी. सड़क / इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य देवी सहाय गुर्जर के मकान से भैरू बाबा के मंदिर की ओर टोडी, सी. सी. सड़क / इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य पानी की टंकी से भैरू बाबा के मंदिर की ओर टोडी, सी. सी. सड़क व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य महादेवा के मकान से पानी की टंकी की ओर टोडी. सी. सी. सड़क मय इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य रामावतार गुर्जर के खेत से देवी सहाय गुर्जर की ओर टोडी ग्रा. प.-मोतीवाडा is invited from interest bidders upto 16.10.2025 time 6.00 pm. Other particulars of the bid may be visited on the http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in of the state portal. All work value of the procurement is Rs. 28.50 Lac. (As per G-Schedule)

UBN No. ZAL2526WSRC02185 Tender ID 2025_PRD_505644_1

**VDO Gram Panchayat Motiwada**

## सम्पादकीय

# सुरक्षित यातायात, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश

सडक़ दुर्घटनाओं का कारण केवल यातायात नियमों की अनदेखी ही नहीं सडक़ों के रखरखाव में कमी भी है। रही-सही कसर यातायात नियमों का पालन न करने की प्रवृत्ति और यातायात संकेतकों के अभाव या फिर उनके सही तरह से काम न करने से पूरी हो जाती है। यह ध्यान रखा जाए कि यातायात तब सुरक्षित होगा जब यातायात नियमों का हर कोई पालन करेगा।

यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित यातायात की आवश्यकता पर ध्यान दिया और राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को निर्देश दिया कि वे सडक़ सुरक्षा के नियम तय करें और ऐसा करते समय पैदल यात्रियों एवं गैर मोटर चालित वाहनों की आवाजाही को स्पष्ट तौर पर रेखांकित करें।

हालांकि अभी ऐसे नियम हैं तो, लेकिन पैदल यात्रियों और गैर मशीनी वाहनों की सुरक्षा और सुविधा प्राथमिकता से बाहर हैं। सरकारों को सबकी सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता इसलिए देनी होगी, क्योंकि असुरक्षित यातायात के चलते हर वर्ष जो लाखों लोग जान गंवाते और गंभीर रूप से घायल होते हैं, उनमें एक बड़ी संख्या पैदल यात्रियों और गैर मोटर चालित वाहन चालकों या उनमें बैठे लोगों की होती है।

वैसे मोटर चालित वाहनों की सुरक्षा की भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं। भारत में सडक़ दुर्घटना में मरने और घायल होने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। यह इसलिए कहीं अधिक चिंताजनक है, क्योंकि देश में विश्व के कई देशों की तुलना में कहीं कम वाहन हैं। यदि इसके बाद भी सडक़ दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या के मामले में देश शीर्ष पर है तो इसका कारण है सरकारों, यातायात पुलिस और आम लोगों की ओर से सुरक्षित यातायात को महत्व न दिया जाना।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि राज्य सरकारें और उनका स्थानीय प्रशासन सुरक्षित यातायात को लेकर आयोजन करता रहता है। कभी हेलमेट, सीट बेल्ट पहनने, सावधानी से सडक़ पार करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है और कभी यातायात का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती की जाती है, लेकिन सब जानते हैं कि ऐसी पहल कुछ ही दिन अपना प्रभाव दिखाती है। जैसे ही यातायात पुलिस की सख्ती थमती है, यातायात अव्यवस्थित एवं अराजक हो जाता है। इस अराजकता का सबसे अधिक शिकार बनते हैं साइकिल, रिक्शा चालक और पैदल यात्री। इसका कारण यह है कि अनेक स्थानों पर तो साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों के लिए सडक़ पर चलने की गुंजाइश ही नहीं होती। अपने देश में सामान्य सडक़ों की बात कौन करे, राजमार्गों पर भी हर तरह के वाहन चलते दिखते हैं। इस कारण भी सडक़ दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती है।

सडक़ दुर्घटनाओं का कारण केवल यातायात नियमों की अनदेखी ही नहीं, सडक़ों के रखरखाव में कमी भी है। रही-सही कसर यातायात नियमों का पालन न करने की प्रवृत्ति और यातायात संकेतकों के अभाव या फिर उनके सही तरह से काम न करने से पूरी हो जाती है।

यह ध्यान रखा जाए कि यातायात तब सुरक्षित होगा, जब यातायात नियमों का हर कोई पालन करेगा। सुरक्षित यातायात को लेकर किसी खास दिन, सप्ताह या पखवाड़े में ही नहीं, हर दिन सतर्क रहा जाना चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 9 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1876 - पहली बार टेलीफ़ोन पर आउट वायर के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी। इसके बाद 1947 में चलती हुई कार और प्लेन में बैठे दो लोगों ने बातचीत की थी। 1959 में ऑटोरिक्सा और प्लेन में चलते हुए लोगों ने बात की।
- 1962 - अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना।
- 1967 - अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या।
- 1997 - इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया।
- 1998 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस्लामी शरीयत क़ानून को देश के सर्वाच्च क़ानून के रूप में अनुमोदित किया।
- 2002 - वर्ष 2002 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के रैमण्ड डेविस और जापान के कोषिबा को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई।
- 2005 - यूरोपीय उपग्रह 'क्रायोसेट' का प्रक्षेपण विफल।
- 2006-
- गूगल ने यू-ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की।
- उत्तर कोरिया ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 2007 - चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।
- 2008 - केन्द्र सरकार ने तेल को माफिया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।
- 2012 - लड़कियों की शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका अदा करने वाली मलाला को स्कूल जाते वक्त तालिबान ने समय गोली मारी।
- 9 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1624 - मुराद बख़्श।
- 1826 - राजा लक्ष्मण सिंह - हिन्दी साहित्य के इतिहास से जुड़े सुप्रसिद्ध साहित्यकार थे।
- 1873 - विलियम एस मारिस - भारत सरकार के गृह विभाग के कार्यवाहक सचिव।
- 1877 - गोपबंधु दास - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि, साहित्यकार तथा उड़ीसा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता।
- 1897 - मिनजुर भक्तवत्सलम, स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मुख्यमंत्री, तमिलनाडु
- 1945 - अमजद अली ख़ाँ - प्रसिद्ध भारतीय सरोद के वादक।
- 1966 - राधेश्याम बारले - छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त पंथी नृत्य के नर्तक हैं।

## विशेष आलेख

# पत्रों की महक आज भी जिंदा है, विश्व डाक दिवस पर नमन



अनिल सिखवाल

हर दिल तक पहुंचने वाली यह संस्था भारतीय डाक विभाग केवल पत्र पहुँचाने वाला तंत्र नहीं, बल्कि भावनाओं का वाहक, भरोसे का प्रतीक और देश की आत्मा का संदेशवाहक रही है। भारत में डाक विभाग की औपचारिक स्थापना 1 अक्टूबर 1854 को हुई थी, और इसी दिन से हर वर्ष 9 से 14 अक्टूबर तक विश्व डाक सप्ताह मनाया जाता है।

### इतिहास की गलियों से - हरकारों से लेकर पोस्टमैन तक

भारत में संगठित डाक व्यवस्था की नींव वर्ष 1766 में लॉर्ड क्लाइव ने रखी। 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में देश का पहला डाकघर स्थापित किया। उस समय संदेशों को हरकारे ढोते थे वे मीलों पैदल दौडक़र मचान से मचान तक घंटी बजाते हुए खबर पहुंचाते।उनके कदमों की आहट ही उस दौर की डाक व्यवस्था की धडक़न थी। 1852 में पहली बार चि_ी पर डाक टिकट लगाया गया और 1854 में महारानी विक्टोरिया की तस्वीर वाला भारत का पहला टिकट जारी हुआ। यही वर्ष भारतीय डाक विभाग की औपचारिक जन्मतिथि बना।




### राज्यीय डाक से राष्ट्रीय डाक तक

भारतीय डाक सेवा वास्तव में 650 से अधिक रियासतों की डाक प्रणालियों का संगम है।1908 तक 635 रियासतें इस एकीकृत व्यवस्था में शामिल हुईं।इस तरह भारत की डाक सेवा एक अखंड राष्ट्रीय संगठन बनकर उभरी, जिसने पूरे देश को एक सूत्र में बाँधा।

### राजस्थान का गौरव मेवाड़ की ब्राह्मणी डाक सेवा

राजस्थान के मेवाड़ राज्य में स्वतंत्र ब्राह्मणी डाक सेवा संचालित होती थी,जिसे महाराणा सज्जन सिंह ने प्रारंभ किया और जादूराम गौड़ (ब्राह्मण) ने इसका संचालन किया। यह सेवा जनता और सरकारी कार्यालयों के बीच 1950 तक प्रभावी रही।प्रति पत्र शुल्क केवल दो भीलवाड़ी पैसे था और सरकारी पत्र निःशुल्क।हर चि_ी पर लिखा होता था महसूल चुका या महसूली। यह डाक सेवा न केवल संचार का माध्यम थी, बल्कि राजस्थान की प्रशासनिक दक्षता और जनता से जुड़ाव का प्रतीक भी थी।

### डाक धावक साहस के अनसुने नायक

प्रारंभिक काल के डाक धावक मात्र संदेशवाहक नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के प्रतीक थे। वे जंगलों, रेगिस्तानों और नदियों के बीच दौड़ते,बाघों, डाकुओं, बाढ़ और विषैले सर्पों से जूझते हुए भी संदेश पहुंचाते।वे लालटेन जलाकर रातों में चलते ताकि रास्ता दिखे और जंगली जानवर दूर रहें।कई ने कर्तव्य निभाते हुए प्राण तक न्योछावर कर दिए, पर गंतव्य तक पहुंचाने का संकल्प कभी नहीं टूटा।

### सेवाओं का विस्तार डाक, तार और टेलीफोन

1854 में डाक और तार दोनों विभाग अस्तित्व में आए।1925 में बड़े पैमाने पर पुनर्गठन हुआ और विभाग को वित्तीय दृष्टि से सशक्त बनाया गया।

1914 के प्रथम विश्व युद्ध के दौरान दोनों विभागों को एकीकृत किया गया।सरकार का उद्देश्य स्पष्ट था जनसेवा सर्वोपरि, लाभ गौण।

### ब्यावर डाकघर मंडल नेतृत्व की नई मिसाल

आज ब्यावर डाकघर मंडल, राजस्थान डाक सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।अधीक्षक डाकघर, कमलेश प्रजापत के दूरदर्शी नेतृत्व में ब्यावर मंडल ने आमजन को भारतीय डाक सेवा की ऐतिहासिक यात्रा और आधुनिक उपयोगिता से जोडऩे का कार्य किया है।उनकी पहल पर ब्यावर डाकघर मंडल ने सुकन्या समृद्धि योजना, डाक बीमा, बचत योजनाओं और डिजिटल सेवाओं में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

जनता से सीधा संवाद और सेवा भाव के कारण,डाकघर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति उन्हें मुक्त कंठ से सराहता है।उनके प्रयासों से ब्यावर मंडल आज सेवा, समर्पण और विश्वास का पर्याय बन चुका है।

### हर दिल तक पहुंचने वाला संगठन

आज भी जहाँ सडक़ें खत्म होती हैं, वहाँ डाक की राह शुरू होती है।

डाक विभाग केवल संदेश नहीं, संबंधों का संवाहक है।हर पत्र में एक कहानी है किसी माँ की चिंता, किसी बेटे का सपना,किसी किसान की उम्मीद और किसी सैनिक की सलामती की खबर।

### एक जीवंत विरासत

भारतीय डाक विभाग की यह यात्रा बताती है कि — जहाँ तकनीक थम जाती है, वहाँ डाक अब भी दिलों तक पहुँचती है।""हर पत्र, हर डाकिया — अपने आप में एक चलता-फिरता इतिहास है।


# अनन्त और अज्ञात यात्रा राजेश ने देखा कि क्या कोई स्वप्न देख रहा हूं या ये क्या है?



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर

*सूनी सडक़ दूर-दूर तक कोई मुसाफिर नही। कदमों की कोई आहट नही क्योंकि जमीन पर पाँव नहीं। अचानक अँधेरा गुप्प, जी घबराने लगा, जेब मे से बीपी की गोली निकालने के लिए हाथ बढ़ाया तो अरे ये क्या तन पर एक भी कपड़ा नहीं दवाई तो बहुत दूर की बात है।*

सारे परिवार जन क्यों रो रहे हैं ?ये जमीन में कौन लेटा हुआ है,चादर औढ़े हुए ?राजेश चिल्ला रहा है कोई तो बताओ मुझे आखिर हुआ क्या है। पर राजेश की ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। ना चाहते हुए भी राजेश घर से बाहर निकल रहा है उसे पता ही नहीं वो किधर जा रहा है। चौड़ी सी डरावनी सी सडक़ जिसपर बस वह अकेला चला जा रहा है सामने सिर्फ अंधकार ही अंधकार है। उसे यह भी नहीं पता कि जा कहां रहा है वो। एक सैकिंड के लिए पीछे मुडक़र देखा तो घर भी अंधकार मय हो गया। देखिये यात्रा का पता हो तो इंसान सब तैयारी कर लेता है। मसलन जयपुर से दिल्ली बॉय ट्रेन जाना हो तो रेलवे जंक्शन पहुँच जाता है यदि बस से जाना हो तो बस स्टैंड पहुँच जाएगा। यात्रा कितने दिन की है, प्रवास कहां रहेगा ये भी पता होता है। लेकिन राजेश की यह यात्रा अनंत व अज्ञात है। क्षण भर में उसे समझ आ गया कि जमीन में चादर औढे जो लेटा हुआ था वो ओर कोई नहीं स्वयं राजेश है। अरे अचानक ये क्या हुआ ? मैं मर कैसे गया ? मेरे तो अभी कई



काम बाकि थे. उनका क्या ? क्षण भर बाद उन्हें भूला और चल दिया अपनी अनन्त व अज्ञात यात्रा पर। आगे चलता जा रहा है जहां उसे काले घनघोर बादल दिखाई पड़ रहे हैं।

### मंजिल कौनसी है और जाना कहाँ है कुछ नहीं पता।

सूनी सडक़ दूर-दूर तक कोई मुसाफिर नही। कदमों की कोई आहट नही क्योंकि जमीन पर पाँव नहीं। अचानक अँधेरा गुप्प, जी घबराने लगा,जेब मे से बीपी की गोली निकालने के लिए हाथ बढ़ाया तो अरे ये क्या तन पर एक भी कपड़ा नहीं दवाई तो बहुत दूर की बात है। हाथ को हाथ नही दिख रहा पर चलना भी नहीं रुक रहा। उस भयावह काली रात में डरावनी आवाजें सुनाई देने लगी,जी घबडाने लगा सांसे अटक सी गई, मरने का भय सताने लगा। बाद में पता चला कि वह तो मर चुका है। कदम ना चाहते हुए भी चल ही रहे थे। कई घण्टो के सफर के बाद उसे जोरों से भूख लगने लगी लेकिन कदम अभी भी रुक नहीं रहे। कोई देख ना ले नग्न अवस्था मे मुझे ये भी सोच बनी हुई है। मन मे अरबो विचार चल रहे हैं। अचानक ऐसा लगने लगा कि काले बादल छट रहे हैं कहीं से कोई रोशनी आ रही है। थोड़ा मन ठीक हुआ,घबराहट बेचैनी भी कम हुई। उजास देख मन को कुछ तस्सली हुई सोचा अब आगे जाकर शायद कोई जगह आ जाए जहां खाने पीने को कुछ मिल जाए। कदम लगातार चल ही रहे थे। कुछ समय बाद फिर अंधकार छा गया,वही जंगल की जानलेवा गीदड़ों की आवाज सुनाई देने लगी,मन फिर घबराने लगा। ये यात्रा कभी खत्म ना होने वाली यात्रा थी। दोस्तों राजेश ओर कोई नही आप और हम ही हैं।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



सुनयन शर्मा
(पूर्व आईएफएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, श्री सुनायन शर्मा ,3 मार्च सन 1950 को उत्तर प्रदेश में जन्में सुनयन शर्मा शुरू से ही वन्यजीव प्रेमी रहे। ये उप वन संरक्षक, प्रादेशिक कोटा पद पर रहे हैं। इससे पूर्व उप वन संरक्षक, बाघ परियोजना सरिस्का, अलवर रहे। उप मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर। वाय वन संरक्षक, उदयपुर मध्य उदयपुर।उप वन संरक्षक, वन्य जीव योजना (वन्य जीव) जयपुर। जिला वन अधिकारी, नागौर रहे। पूर्व आईएफएस अधिकारी सुनयन शर्मा ने भारत के जंगलों में दशकों बिताए, वन्यजीवों की रक्षा की और प्रकृति की प्राकृतिक सुंदरता और चुनौतियों को देखा। उनकी पुस्तक, जंगल की कहानियाँ, इन वास्तविक जीवन के अनुभवों को मनोरम कहानियों में बदल देती है जो जंगल की एक दुर्लभ झलक पेश करती हैं। केवलादेव घाना पक्षी अभयारण्य और सरिस्का बाघ अभयारण्य में सेवा देने के दौरान, शर्मा ने शिकारियों का सामना किया, जानवरों को बचाया और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अथक प्रयास किया। उनका जुनून प्रशासन से परे भी थाकृवे लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से क्षेत्रीय कार्य में शामिल रहे। यह किताब सहकर्मियों, छात्रों और महत्वाकांक्षी पर्यावरणविदों को जंगल की कहानियाँ सुनाने के वर्षों के अनुभव से तैयार हुई है। रोमांचक मुलाक़ातों और दिल को छू लेने वाले पलों के ज़रिए, जंगल की कहानियाँ इंसानों और प्रकृति के बीच गहरे रिश्ते को उजागर करती हैं और साथ ही शिकार और आवास विनाश जैसी गंभीर पर्यावरणीय चिंताओं को भी उजागर करती हैं।

**-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# पुरुषों को भी हो सकता है ब्रेस्ट कैंसर, जानें इसके लक्षण, कारण और इलाज के बारे में

अक्सर ब्रेस्ट कैंसर यानी स्तन कैंसर को केवल महिलाओं की बीमारी समझा जाता है, लेकिन यह पुरुषों को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि, इसके मामले महिलाओं की तुलना में कम हैं, फिर भी पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। अध्ययनों के अनुसार, कुल स्तन कैंसर मामलों में लगभग 1त्न मामले पुरुषों में पाए जाते हैं। पुरुषों में यह बीमारी अक्सर देर से पहचान में आती है क्योंकि अधिकांश लोग मानते हैं कि उन्हें इस तरह की समस्या नहीं हो सकती। लेकिन समय पर निदान और उपचार से पुरुषों में भी पूर्ण स्वस्थ होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल अक्टूबर को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है।

**पुरुषों में स्तन कैंसर के कारण**

पुरुषों में स्तन कैंसर का प्रमुख कारण शरीर में हार्मोनल असंतुलन होता है, विशेष रूप से एस्ट्रोजन (स्त्री हार्मोन) का स्तर बढ़ जाना। यह असंतुलन कई कारणों से हो सकता है, जैसे मोटापा, लिवर की बीमारियां या कुछ दवाओं का दीर्घकालिक सेवन। इसके अलावा, अनुवांशिक कारण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि परिवार में क्चक्रष्ट्र1 या क्चक्रष्ट्र2 जीन म्यूटेशन पाया गया है, तो पुरुषों में स्तन कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। शराब का अत्यधिक सेवन, विकिरण के संपर्क में आना और बढ़ती उम्र भी जोखिम को बढ़ाने वाले कारकों में शामिल हैं।

**पुरुषों में स्तन कैंसर के लक्षण**

पुरुषों में स्तन कैंसर के लक्षण अक्सर शुरुआत में हल्के होते हैं और अनदेखे रह जाते हैं। सबसे सामान्य लक्षण स्तन क्षेत्र में बिना दर्द वाली गांठ का बनना है। इसके साथ-साथ निप्पल से तरल या खून जैसा स्राव होना, निप्पल का अंदर की ओर मुडऩा, त्वचा पर लालिमा, सूजन या खुरदुरापन भी चेतावनी संकेत हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको बेवजह के कामों में पडने से बचना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर कामों में आगे बढऩा होगा। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आप घबरा सकते हैं, जिसमें आपके सहयोगी आपका पूरा साथ देंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से आपकी कहासुनी चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

**कर्क**
आज आपका दान-धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। परोपकार के कार्यों में भी बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आप आगे आएंगे। आप संतान को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आपकी कार्यक्षेत्र में किसी से कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आएगा। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपके बॉस से रिश्तों में भी कड़वाहट चल रही थी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता पर रखने के लिए रहेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा, इसलिए किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें और आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से भी सावधान रहना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की के मार्ग में आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपको अपनी परिवार में बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करना होगा, इसलिए आप उनसे कोई ऐसी बात ना बोले, जो उन्हें बुरी लगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको यदि काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। शेयर मार्केट में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके कामों से आपको एक नई पहचान मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको किसी राजनीति से संबंधित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपकी छवि निखरेगी। आपको कोई सम्मान की भी प्राप्ति हो सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों को भी मिल बैठकर दूर करेंगे। आप किसी के लिए अपने मन में ईर्ष्या की भावना ना रखें। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**आंदोलन की हुंकार, 45 दिन का दिया अल्टीमेटम:** किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों से पैदल रैली निकाली, कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाज़ी

# ईसरदा बांध परियोजना के डूब क्षेत्र में किसानों का हल्ला बोल

बढ़ता राजस्थान
**टोंक (पुरुषोतम जोशी)।** राजस्थान के टोंक जिले में ईसरदा बांध परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही, इसके डूब क्षेत्र में आने वाले किसानों ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। उचित मुआवज़ा और बांध के जलस्तर को लेकर चिंतित सैंकड़ों किसानों ने बुधवार को शहर में बड़ा प्रदर्शन किया और सरकार को अपनी माँगें मानने के लिए 45 दिन का अल्टीमेटम दिया है। ईसरदा बांध सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना ईआरसीपी को लेकर काफ़ी अहम माना जा रहा। ऐसे में किसानों के आंदोलन का रुख प्रशासन और सरकार के लिए आने वाले समय में परेशानी का सबब बन सकता है।

ईसरदा बांध के डूब क्षेत्र में आने वाले 39 गाँवों के किसानों का गुस्सा बुधवार को टोंक शहर की सड़कों पर फूट पड़ा। किसानों ने रुई पेंच मैदान में विशाल किसान सभा का आयोजन किया, जहाँ सैंकड़ों किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि एकजुट हुए। सभा में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई और ईसरदा बांध परियोजना के दूसरे चरण के लिए भूमि अधिग्रहण से पहले मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की हुंकार भरी। सभा के बाद, किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पैदल रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुँचकर जोरदार नारेबाजी की। किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।



## 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया

ज्ञापन में उनकी 21 सूत्रीय माँगें शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से डूब क्षेत्र की ज़मीन को सिंचित मानकर मुआवज़ा दिया जाए। दूसरे चरण में 39 गाँवों की करीब 3800 हेक्टेयर से ज़्यादा भूमि अधिग्रहित की जानी है। वे चाहते हैं कि उनकी भूमि को असिंचित की बजाय सिंचित भूमि के आधार पर बड़ी हुई रेट से अधिक मुआवज़ा दिया जाए। बांध का जलस्तर 258 आरएल मीटर तक ही रखा जाए। किसान नेता हंसराज फागना और रामेश्वर चौधरी ने कहा कि सरकार ने यदि समय पर समाधान नहीं किया, तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज़ किया जाएगा। वहीं, ईसरदा बांध परियोजना के अधिशासी अभियंता विकास गर्ग ने बताया कि किसानों की सभी चिंताओं पर सरकार स्तर पर विचार किया जा रहा है और मुआवज़ा नीति के तहत उचित निर्णय लिया जाएगा।

## विधायक गोपीचंद मीणा 9 अक्टूबर को करेंगे कई विकास कार्यों का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान
**जहाजपुर (मोहम्मद आज़ाद नेब)।** जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला के तहत विधायक गोपीचंद मीणा 9 अक्टूबर 2025 को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे सड़कों के शिलान्यास और जनसुनवाई कार्यक्रमों में भाग लेकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे। तस्वारियां से बावड़ी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास बावड़ी प्रातः 10.00 बजे, ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन एवं जनसुनवाई कार्यक्रम ठिटोड़ी 11.30 बजे, भवानीपुरा बस स्टैंड से भीलों का झोपड़ा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भवानीपुरा (ग्राम पंचायत सरसियां) दोपहर 12.30 बजे, फत्ता का खेड़ा से छूर के देवनारायण तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास फत्ता का खेड़ा (ग्राम पंचायत खजूरी) दोपहर 2.00 बजे, हंसेड़ा से एनएच-134 तक (वाया बलाई का झोपड़ा) सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हंसेड़ा (ग्राम पंचायत भगुनगर) दोपहर 3.30 बजे करेंगे।

**दोनों बाघिन हुई घायल,मां आखिरकार बेटी पर पड़ी भारी**

# बाघिन रिद्धि और बेटी मीरा के बीच हुई जबर्दस्त फाइट

बढ़ता राजस्थान
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में विगत दिवस दो बाघिनों के बीच इलाके को लेकर झगड़ा हो गया। बाघिन रिद्धि और इसकी बेटी मीरा के बीच यह लड़ाई हुई। मां आखिरकार बेटी पर भारी पड़ी। इस फाइट में दोनों बाघिन घायल भी हो गईं। सुबह की पारी में जोन नंबर 3 में पर्यटक टाइगर सफारी के लिए गए थे। इस दौरान बाघिन मीरा और उसकी मां रिद्धि पर्यटकों को दिखाई दी। कुछ ही देर में दोनों आमने-सामने हो गईं। यहां मीरा ने बगावत कर मां के इलाके पर कब्जे की कोशिश की। देखते ही देखते यह भिड़ंत खूनी जंग में बदल गई।

इस टेरिटोरियल फाइट (इलाके के लिए जंग) में रिद्धि की जीत हुई और मीरा ने हार? मान ली। वन विभाग की टीम ने बताया कि गाइड विजय मीणा ने इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया।



### टेरिटोरियल फाइट का यह टकराव प्राकृतिक प्रक्रिया

रणथंभौर नेचर गाइड एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वन्यजीव विशेषज्ञ रफीक मोहम्मद ने बताया कि यह टकराव प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन मां-बेटी के बीच इस तरह की लड़ाई दुर्लभ और दर्दनाक मानी जाती है। रणथंभौर के इस खूनी अध्याय ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जंगल में राज सिर्फ ताकतवर का ही होता है। रिद्धि की उम्र 7 साल रिद्धि की उम्र करीब 7 साल है। रिद्धि, ऐरोहेड की बेटी है। साल 2023 में रिद्धि ने 3 शावकों को जन्म दिया था। इनमें से सबसे बड़े फीमेल शावक मीरा के साथ मंगलवार को जोन नंबर 2 में हुई यह लड़ाई करीब एक मिनट टेरिटोरियल फाइट का रोमांचक नजारा देखने को मिला।

### जंगल दहाड़ से गूंज उठा

फाइट के दौरान पूरा जंगल बाघिनों की दहाड़ से गूंज उठा दोनों बाघिनों के बीच खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें दोनों घायल हो गईं। आखिरकार फाइट में बाघिन रिद्धि की जीत हुई और मीरा हार गई, इसके बाद रिद्धि वहां से जंगल में चली गई। रणथंभौर की पुरानी परंपरा रणथंभौर में टाइगर डायनेस्टी के इस संघर्ष ने पुराने किस्सों की याद ताजा कर दी है। इससे पहले भी रणथंभौर में मछली, कृष्णा और एरोहेड जैसी बाघिनों के बीच ऐसे ही टेरिटोरियल झगड़े देखे जा चुके हैं। अब वही सिलसिला रिद्धि और मीरा तक जा पहुंचा है।

**ब्रीफ खबरें**

## डारडाहिन्द में हुआ जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ




**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने डारडाहिन्द ग्राम में आयोजित 69 वीं जिलास्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छात्र-छात्रा एथलेटिक्स एवं साहित्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य आतिथ्य के रूप में सहभागिता की।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा सरकार की खेल विकास, प्रतिभा प्रोत्साहन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि खेल हमारी संस्कृति और समाज की असली पहचान है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट और विकसित भारत की जो परिकल्पना रखी है, खेल उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। अध्यक्षता जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की। बंसल ने कहा कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रतीक है हमारे युवा खिलाड़ी ही आने वाले समय में देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे। इस अवसर विशिष्ट अतिथि नरेश बंसल, जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल, मण्डल अध्यक्ष नन्दलाल जाट ,भगवानदास सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष किशनगोपाल जी जाट , जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता जाट,रामअवतार चौधरी,भैरूलाल जाट, प्रधानाचार्य लक्ष्मीनारायण, बबलू जाट, बाबूलाल जाट, रमेश जाट, हेमराज जाट सहित पार्टी कार्यकर्ता, आमजन उपस्थित रहे।

## मलारना डूंगर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मलारना डूंगर में किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा महिलाओं के लिए, रस्सा-कस्सी, लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वाइस प्रिंसिपल मुकद्दस



खान ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं युवाओं को फिट इंडिया, नशा मुक्ति एवं संविधान की शपथ दिला कर किया। पुरुष वर्ग में कबड्डी मे नेहरू युवा मंडल बहतैड प्रथम विजेता रहा, 100 मीटर दौड़ में फेजान खान व लंबी कूद में करण सांवरिया प्रथम विजेता रहे। महिला वर्ग में रस्साकसी में कृष्णा टीम विजेता रही, 100 मीटर दौड़ में आरती मीणा प्रथम रही व लंबी कूद में मनकर गुर्जर प्रथम विजेता रही। इस अवसर पर मंच संचालन माय भारत वॉलेंटियर शिफ़ाअत खान ने किया। इस अवसर पर समस्त युवाओं का पंजीकरण माय भारत पोर्टल के विकसित भारत क्विज में भी कराया गया।

## टोंक बस स्टैंड पर भीषण आग, फोटो-वीडियो लैब जलकर राख

बढ़ता राजस्थान
**टोंक (पुरुषोतम जोशी)।** टोंक शहर में बुधवार को एक बार फिर से आग ने चंद पलों में सब कुछ स्वाहा कर दिया। शहर के व्यस्तम बस स्टैंड चौराहे पर स्थित पूजा फोटो वीडियो लैब में अचानक भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही नगर परिषद से दो दमकल की गाडियां मौके पर दौड़ पड़ी और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि करीब एक करोड़ रूपए की मशीनरी जलकर राख हो गई।

पीड़ित महेश कुमार सैनी ने बताया कि टोंक शहर के बस स्टैड पर स्थित एक पूजा कलर लैब में इनवर्टर की बेट्री में अचानक आग लग गई जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया




और आग पर काबू बाते उससे पहले ही करीब एक करोड़ की लागत की मशीनरी जलकर राख हो गई। आग लगते ही पुरानी टोंक पुलिस को सूचना दी लेकिन उनके पहुचने से पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया। वहीं पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और दो दमकल गाडियों से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सब जलकर राख हो गया। पास में कोचिंग क्लासेज भी संचालित थी लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग पूरी तरह से कंट्रोल में है और पीड़ित से नुकसान की जानकारी ली जा रही है।

## टीन शेड से पक्के घर तक- पीएम आवास योजना ने बदली जिंदगी



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 5 ठींगला निवासी रमेश चंद शर्मा पुत्र नारायण शर्मा वर्षों से टीन शेड वाले कच्चे घर में अपने परिवार सहित रह रहे थे। बरसात के दिनों में छत टपकती थी और गर्मी में टीन शेड आग सा तपता था। ऐसे में जब उन्हें अपने वार्ड पार्षद से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी मिली, तो जैसे जीवन में नई उम्मीद जागी। रमेश चंद ने आवेदन प्रपत्र भरकर नगर परिषद सवाई माधोपुर में जमा करवाया। जिसके पश्चात संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें एक लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत हुई। इस सहायता से उन्होंने अपना पक्का, छतयुदा घर बनवाया। अब रमेश और उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानपूर्वक अपने घर में रहते हैं। रमेश चंद ने खुशी जताते हुए कहा, अब हमारे सिर पर पक्की छत है, यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने सवाई माधोपुर के अनेक परिवारों की ज़िंदगी में स्थायित्व और गरिमा की नई रोशनी लाई है।

## 9 व 11 अक्टूबर को ग्रामीण सेवा शिविर यहां लगेंगे

बढ़ता राजस्थान
**टोंक (का.स.)।** ग्रामीण सेवा शिविर- 2025 के तहत गुरुवार, 9 अक्टूबर को उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत इन्दोकिया व हमीरपुर, पीपलू में चौगाई व बोरखण्डी कलां, निवाई में जामडोली व बहड, मालपुरा में मलीकपुर व किरावल, देवली में डाबरकलां व पोल्याड़ा एवं उनियारा में खेलनिया व पचाला में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह शनिवार 11 अक्टूबर को उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत अलियारी व गोपालपुरा, निवाई में झिलाई व सिंदरा, मालपुरा में धोली व चांदसेन, देवली में चांदली व बथंली एवं उनियारा में खातोली व चोरु में शिविर लगाएं जाएंगे।

**जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में संगोष्ठी, प्रदर्शनी चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता से दी जानकारी**

# रैली से विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

बढ़ता राजस्थान
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुतलपुरा जाटान में जीएसटी बचत उत्सव और पोषण माह को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता रैली, संगोष्ठी, प्रदर्शनी चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को जीएसटी बचत उत्सव, पोषण माह सहित विभिन्न जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम में व्याख्याता सीमा नसीम और आकाशवाणी संवाददाता सतीश वर्मा ने केंद्र




सरकार की ओर से हाल ही में नई पीढ़ी के जीएसटी बदलाव तथा इन के बाद महिला, किसान, मजदूर, सहित सभी वर्गों को मिल रही राहत, बचत तथा इनसे उद्योग जगत और बाजार में हो रहे बदलाव की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जीएसटी में बदलाव के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बीमा, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में भारी बचत का लाभ मिल रहा है। वहीं बाजारों में मांग बढने से उद्योगों को भी फायदा मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक प्रियंका शर्मा ने पोषण माह को लेकर आयोजित की जा रहे विभिन्न क्रिया कलाप और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा गर्भवती धात्री माताओं किशोरी सहित छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जा रही पूरक पोषाहार और स्वास्थ्य आदि की जानकारी भी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी समीक्षा कंवर ने गर्भवती माताओं तथा बच्चों को उचित पोषण और गुणवत्ता पूर्ण भोजन करने पर जोर दिया। उन्होंने उम्र के अनुसार छोटे बच्चों से किशोर किशोरी में आने वाले बदलाव के अनुरुप भोजन करने और स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कहीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमिता वर्मा ने स्वच्छता पखवाड़ा की जानकारी देते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने तथा इसे जन जन तक फैलाने की आवश्यकता जताई।

ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी नेमीचंद मीणा ने विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी और

## अधिकारी आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता से करें- कलेक्टर



**टोंक (पुरुषोतम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरुप अधिकारी आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता से कर उन्हें राहत पहुंचाए। जिला कलेक्टर ने बुधवार को डीओआईटी के भारत निर्माण सेवा केन्द्र में वीसी के जरिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े कामों को उच्च स्तर पर निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर ने पीएम एवं सीएम स्वनिधि योजना, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर, सीएम जन सुनवाई के लम्बित प्रकरण, बाढ़ राहत कार्य, सम्पर्क पेंडेंसी, फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## गायत्री परिवार द्वारा व्यसन मुक्ति, रक्तदान-महादान आदि विषयों पर कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बुधवार को गायत्री परिवार अलवर ने लॉड्स इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डॉ मुकेश गुप्ता डीन एवम प्रोफेसरए फार्मेसी के सहयोग से व्यसन मुक्ति, रक्तदान-महादान व सफल जीवन की दिशा धारा आदि विषयों पर कार्यशाला रखी। जिसमे लगभग 150 अभ्यर्थियों ने कार्यशाला का लाभ लिया। गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ता डॉ आदित्येन्द्र विजय जोकि होम्योपैथिक चिकित्सक है। वो नशा मुक्ति शिविरों में अपना योगदान करते रहते है,तथा वाई पी एस एम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर भी है। उन्होंने बच्चों को बताया कि नशे से पीडित्त लोग रियल लाइफ न जीकर, रील लाइफ में जीते है। धीरे-धीरे समाज से अलग-थलग होने लगते हैए तथा कुछ लोग अपराध की दुनिया में भी प्रवेश कर जाते है।

वहीं सेठ माखन लाल ब्लड बैंक के मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट श्री अवधेश राठौड़ जी ने बताया कि समय-समय पर ब्लड डोनेशन करने से ब्लड के विभिन्न कॉम्पोनेन्ट से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुरारी लाल शर्मा ने बताया कि हर इंसान को अपने जीवन को प्रत्यक्ष देवता मानकर उसकी साधना.आराधना करनी चाहिए।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तिवाड़ी के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बुधवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय गिर्राज प्रसाद तिवाड़ी के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त करने उनके निवास सेवर भरतपुर पहुंचे। स्वर्गीय तिवाड़ी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर जूली ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर परिजनों को सांत्वना दी। जूली ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा उनका निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि गिर्राज प्रसाद तिवारी का संयमित और प्रेरणादायक जीवन सभी के लिए एक मिसाल के रूप में जाना जाएगा। जूली ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत वकालत के पेशे से की और फिर जनसेवा के उद्देश्य से राजनीति में कदम रखा। वकालत के क्षेत्र में उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाकर सार्वजनिक जीवन में लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया।

उन्होंने बताया कि स्वर्गीय तिवारी ने स्थानीय स्तर पर प्रधान और जिला प्रमुख के पद पर रहते हुए जनसेवा का उल्लेखनीय कार्य कियाए वे दो बार विधायक चुने गए और जनहित और ज्वलंत मुद्दों को मजबूती से विधानसभा में उठाया।उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष के पद पर आसीन होने के दौरान उनकी निष्पक्षता, संयम और नेतृत्व कौशल की व्यापक सराहना हुई। उन्होंने सदन की गरिमा और परंपराओं को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आंगनबाड़ी कार्मिकों का 6 महीने से मानदेय लटका, आर्थिक संकट में डूबे परिवार




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर तहसील में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पिछले छह महीनों से मानदेय (वेतन) नहीं मिला है। जिसकी वजह से इन कार्मिकों के परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत ये महिलाएं बच्चों की देखभाल, पोषण व शिक्षा के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं, आज खुद के बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं। जबकि केंद्र और राज्य सरकारें आंगनबाड़ी योजना को मजबूत करने के दावे करती रहती हैं। नाम न छापने की शर्त पर कार्मिकों ने बताया की अप्रैल 2025 से हमारा मानदेय रुका हुआ है। लेकिन विभाग से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला। हम घर चलाने के लिए कर्ज ले रहे हैं, बच्चों की स्कूल फीस समय पर नहीं दे पा रहे हैं जिसकी वजह से बच्चों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

**तत्काल भुगतान करने की मांग:** आगनबाड़ी कार्मिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए तत्काल बकाया मानदेय जारी किया जाए और भविष्य में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित हो। मानदेय जारी करने में देरी एक बार फिर साबित करती है कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर कितना कमजोर है। आंगनबाड़ी कार्मिक, जो समाज की हर वर्ग की महिला और बच्चों की सेवा करती हैं, आज खुद वेतन प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रही हैं।

### इनका यह कहना हैं

वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सतपाल यादव ने बताया कि बैंको के विलय की प्रक्रिया के चलते कार्यकर्त्ताओं औऱ सहायिकाओं का मानदेय उनके खाते में नहीं भेजा जा सका। अब विलिय की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है उनका मानदेय 3 से 4 दिवस के अन्दर उनके खातों में जमा कर दिया जाएगा।

## योग एवं ध्यान शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** लायंस इंटरनेशनल - प्रांतीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब राजगढ़ द्वारा गायत्री शक्तिपीठ परिसर में योग एवं ध्यान से तनाव मुक्ति पर गोष्ठी एवं अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लायन खेम सिंह आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में हार्टफुलनेस केंद्र राजगढ़ के जगदीश प्रसाद द्वारा विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम द्वारा स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहने के टिप्स बताए गये। उन्होंने ध्यान के माध्यम से मन को केंद्रित करने के बारे में बताया ताकि किसी प्रकार के नकारात्मक विचारों का प्रवेश न हो।

**आईटीबीपी के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथग्रहण समारोह आयोजित**

# आईटीबीपी प्रशिक्षणार्थियों ने ली देशसेवा की शपथ, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज बेराबास में आज 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स एवं 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें उप महानिरीक्षक के श्री संजय कुमार कोठारी ने परेड का निरीक्षण कर प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक के श्री संजय कुमार कोठारी ने बताया कि 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स के 6 हिमवीर एवं 1 हिमवीरांगना तथा 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के 26 हिमवीर एवं 3 हिमवीरांगनाओं को आधार प्रशिक्षण पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी अपनी बेसिक ट्रेनिंग पूर्ण करने के उपरांत इस बल में एक प्रशिक्षित सदरू के रूप में शामिल हो गए हैं तथा जो प्रशिक्षण ग्रहण किया है वह देश की सेवा में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि



प्रशिक्षण के दौरान 4 वीरांगना महिलाओं ने प्रशिक्षण किया है यह महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय ध्वज एवं बल ध्वज के समक्ष देशसेवा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से इन हिमवीर एवं हिमवीरांगनाओं को 24 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के दौरान इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रील, हथियार, सिखलाई, फायरिंग, जूडो कराटे, युद्घ कौशल, काउंटर इंसरजेंसी, आंतरिक सुरक्षा और आईटीबीपी बल नियम अधिनियम आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया जिससे प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर सके और देश की सेवा के साथ-साथ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी को भी निभा सके।

इस दौरान 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स में ओवर ऑल बेस्ट प्रशिक्षणार्थी की ट्रॉफी सहायक उप निरीक्षक/स्टेनो श्री विकास कुमार एवं 172 वे नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण में कांस्टेबल (कोबलर) श्री नंदन कुमार को प्रदान की गई। इस दौरान सेनानी प्रशिक्षण सीटीसी श्री के.एन पंत, श्री विकास कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आईटीबीपी के अधिकारी, कार्मिक मौजूद रहे।

## प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों पर ट्रैकिंग करके सीख रहे हैं टीम नेतृत्व की क्षमता



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजस्थान ट्रैकिंग-।।। कैंप का आयोजन एकलव्य मॉडल स्कूल मल्लाना में किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी सोनल ने बताया कि कैंप के तीसरे दिन केडेट्स को बेहतर समन्वय, अनुशासन और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा समूह बनाएं गये है। बुधवार को ग्रुप अल्फा ने मल्लाना डैम का भ्रमण किया। इसमें ग्रुप में 146 कैडेट्स शामिल हैं। समूह का नेतृत्व में एएनओ सुमन, जितेंद्र शेखावत तथा सीटीओ सपना ने किया। इनके साथ ईएसएम सैंट्रो और ईएसएम पृथ्वी भी रहे।

कैडेट्स ने जल संरक्षण के महत्व को समझा तथा डैम की संरचना और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रुप ब्रावो ने भैरवनाथ मंदिर की ट्रैकिंग की। इस दल का नेतृत्व एएनओ सरस्वती, एएनओ सोनल और एएनओ कुम्भाराम ने किया। साथ में ईएसएम राजेश और ईएसएम मुकेश थे। कैडेट्स ने पर्वतीय मार्ग की सुंदरता का आनंद लिया और मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को जाना। ग्रुप चार्ली में 101 कैडेट्स शामिल हुए। ग्रुप ने नीलकंठ महादेव मंदिर की यात्रा की। इस समूह का नेतृत्व एएनओ अमित, एएनओ शेर सिंह और सीटीओ भूपेन्द्र ने किया, जिनकी सहायता ईएसएम विक्रम सिंह और ईएसएम हवा सिंह ने की।

## ओसवाल पब्लिक स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 8 अक्टूबर को श्री ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डायरेक्टर विनोद शर्मा जी एवं प्रिंसिपल रेखा मिश्रा के सानिध्य में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में ओसवाल पब्लिक स्कूल के तीन वर्गों में 6, 7, 9 तीनो कक्षा के छात्र - छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया तीनो वर्गों में मिलकर तकरीबन 76 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया सभी प्रतिभागियों को ड्राइंगशीट, पेंसिल, रबर लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा उपलब्ध करवाए गए वही प्रतियोगिता के अंत में सभी बच्चो को फल सेव एवं बिस्कुट का पैकेट प्रदान किया गया ।



लायंस क्लब इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9 जोन 4 क्लब संख्या 095645 की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बच्चो को लायंस इंटरनेशनल के कार्यो की संक्षिप्त जानकारी देते हुए पीस पोस्टर प्रतियोगिता (थीम- एक साथ हम) से सम्बंधित बहुत महत्वपूर्ण जानकारियों के पश्चात् अपने उद्बोधन में सफाई पर बच्चो से बहुत देर तक बात करी तथा घर परिवार के बुजुर्गो, माता-पिता, भाई-बहन, अड़ोसी-पड़ोसियों को कचरा ना फैलाकर सफाई का अभियान आजीवन चलाने को प्रेरित किया कार्यक्रम के प्रारंभ में ओसवाल स्कूल के निदेशक विनोद शर्मा एवं प्रिंसिपल श्रीमती रेखा मिश्रा ने लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही विश्व शांति के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चो को प्रदान करी । कार्यक्रम मुख्य संयोजक लायन रुपेश गुप्ता ने स्कूल के अध्यक्ष , डायरेक्टर, प्रिसिपल तथा सहयोगी अध्यापिकाओ को धन्यवाद प्रदान किया तथा सभी को लायंस क्लब इंटरनेशनल एवं सेवा सप्ताह के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

## एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत समिति सभागार बानसूर में विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया बानसूर तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए नवनियुक्त बीएलओ को प्रोत्साहित किया मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र सोनी ने बताया कि मतदाता सूची 2002 के अनुसार मतदाताओं को चार श्रेणियों एबीसीडी में बांटा गया है मतदाता के सत्यापन में श्रेणी के अनुसार आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे मास्टर ट्रेनर डॉ भीम सिंह



जाट ने बूथ लेवल अधिकारियों की जिम्मेदारी, दायित्व, कर्तव्य आदि के बारे में अवगत कराया मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार ने बीएलओ एप के द्वारा ऑनलाइन की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताया मास्टर ट्रेनर नंदलाल तथा चुनाव शाखा प्रभारी पूरण चंद यादव ने भी विशेष सघन पुनरीक्षण के बारे में सामान्य जानकारी दी प्रशिक्षण के बाद गूगल सीट के द्वारा ऑनलाइन एग्जाम करवाई गई इस अवसर पर नवनियुक्त बीएलओ उपस्थित रहे।

## कृषि कार्य करते समय करंट से हुई मृत्यु को लेकर गंभीर:शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने मंगलवार को देर शाम चतरपुरा में बिजली के करंट से हुई 15 वर्षीय किशोर नरेश गुर्जर की मृत्यु को लेकर गंभीर नजर आए। शेखावत ने असामयिक मौत पर संवेदना प्रकट करते हुए जयपुर डिस्कॉम की चेयरमैन आरती डोगरा को बुधवार को मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने डोगरा को ज्ञापन के जरिए बताया कि मृतक नरेश गुर्जर माता पिता की इकलौती संतान था।



अब उस परिवार के पास मातम के अलावा कुछ शेष नहीं बचा। माता -पिता के भरण पोषण करने वाली एक संतान को भी विधुत करंट ने लील लिया जो एक गंभीर विषय है। शेखावत ने कहा कि बुढ़ापे की लाठी यदि टूट गईं तो सहारा कौन देगा। मैं आपसे गुजारिश करता हूँ कि असामयिक हुई इस दुर्घटना के शिकार परिवार की जितनी भी अधिक से अधिक आर्थिक सहायता की जाए उतनी ही कम है। उन्होंने डोगरा से निवेदन किया किया कि जितनी भी अधिक आर्थिक मदद पीडित्त परिवार की विधुत विभाग द्वारा की जा सकती है करे। वहीं डोगरा ने विधायक देवीसिंह शेखावत को आश्वसत किया कि विभाग द्वारा अधिकतम राशि सहायता के रूप में दी जा सकती है वह पीडित्त परिवार को उपलब्ध करवाई जाएगी।

मृतक नीरज गुर्जर बानसूर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा का निवासी था।वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत ने बानसूर क्षेत्र में 33/11 केवी जीएसएस (ग्रिड सब स्टेशन) स्थापित करने की भी मांग की, ताकि ग्रामीणों को हाइटेंशन लाइनों के खतरे से निजात मिल सके। इस पर चेयरमैन डोगरा ने विधायक को आश्वासन दिया कि पीडित्त परिवार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को और सुरक्षित बनाने के लिए विभाग गंभीरता से काम करेगा।

**कुल 19 प्रतियोगिता होंगी आयोजित**

# 69वीं जिला स्तरीय 17 से 19 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 17 से 19 वर्षीय 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित रहे। प्रतियोगिता संयोजक अरविंद कुमार मीना ने बताया कि 17 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 55 विद्यालयों की टीम तथा 19 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 46 विद्यालयों की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता में 286 बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के



छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया।

प्रतियोगिता संयोजक अरविंद कुमार मीना, सहसंयोजक चुन्नीलाल मीना तथा उदघोषक सोनू कुमार मीना ने विधिवत रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। इस मौके पर उप जिला शिक्षा अधिकारी (शा.शि.) ने खेल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल से सही निर्णय एवं कुशलता से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीना ने सभी प्रतिभागियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मीना, सीमा मीना, यादराम मीना, कनवर पाल मीना, रामभरोसी मीना, सुनीता मीना, हरिराम मीना, मनीष कुमार, विष्णु देव, रामफूल मीना, निर्णायक मंडल की ओर से रामनिवास मीना, रामप्रसाद मीना, राजेश, छोटेलाल, रामपत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय 'प्रबल' कार्यक्रम प्रतियोगिता में 4 प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए चयनित



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** 2025 को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बूंदी में जिला स्तरीय 'प्रबल' कार्यक्रम प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आवश्यक कौशल का विकास करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना था।

प्रमुख उपस्थिति और भागीदारी- कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक मंडल के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज, डाइट प्रधानाचार्य मीना चौहान, समसा समन्वयक दिलीप सिंह गुर्जर, और पीएम श्री विद्यालय, बूंदी के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार माथुर उपस्थित रहे। इनके साथ, छात्रा धरा शर्मा और छात्र आदित्य मोदी भी निर्णायक प्रक्रिया में शामिल हुए। प्रतियोगिता में बूंदी जिले के प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो छात्र और छात्रा ने भाग लिया, जिससे कुल 10 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कोटा दशहरा मेले में "जीएसटी बचत उत्सव" की मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** 132वें राष्ट्रीय दशहरा मेले में नगर निगम आयुक्त एवं मेला अधिकारी श्री अशोक कुमार त्यागी ने "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और जीएसटी बचत उत्सव" पर तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आयुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार के जीएसटी सुधार से 450 से अधिक रोज़मर्रा की वस्तुएं और सेवाएं सस्ती हुई हैं। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब समाप्त कर केवल 5 और 18 प्रतिशत स्लैब लागू किए गए हैं, जिससे आमजन और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है। प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बीमा और उद्योग क्षेत्रों में बचत के फायदे, सरकारी योजनाओं और सामाजिक न्याय की पहल को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में नगर निगम अधिकारी, उपायकर्ता और विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुरक्षित खनन कार्य हेतु आधुनिक तकनीको के उपयोग को बढ़ावा दें -आर. टी. मांडेकर



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट की राजस्थान स्थित खदानों के लिए त्रिपक्षीय सुरक्षा बैठक उदयपुर के लाभगढ़ पैलेस रिसॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारी, जे.के. सीमेंट की निंबाहेड़ा, मांगरोल और गोटन इकाइयों के अधिकारी व श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। माइन्स एजेंट यतेंद्र शर्मा ने स्वागत करते हुए सुरक्षित कार्य संस्कृति पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। निकित व्यास ने पिछली बैठक के सुझावों की पालना रिपोर्ट दी। चर्चा सत्र में खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों पर सुझाव दिए। इकाई प्रमुख मनीष तोषनीवालने कहा कि सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं मैन्युफैक्चरिंग हेड यज्ञेश गुप्ता ने कहा कि समन्वित प्रयासों से ही सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप महानिदेशक खान सुरक्षा श्री आर.टी. मंड़ेकर ने जे.के. सीमेंट की सुरक्षा पहल की सराहना करते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग से सुरक्षित खनन पर बल दिया। अंत में सुधीर नागौरी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** दिनांक 7.10.2025 को जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय में कार्यरत हर्षवर्धन सिंह (भूतपूर्व नौसैनिक) हाल अकाउंटेंट द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्यरत स्टाफ एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स को फायर एंड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी गई साथ ही ऐसी घटना होने पर भर्ती रोगी को कैसे सावधानीपूर्वक बाहर निकाले इसका भी प्रायोगिक रूप से प्रदर्शन किया गया ।

उक्त मॉकड्रिल श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार व उपखंड अधिकारी महोदय श्रीमान विकास पंचोली, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राघव सिंह ,आयुक्त नगर परिषद कौशल कुमार खटूमरा, विपिन सेन , निशा पुरबिया की उपस्थिति में आयोजित की गई मॉक ड्रिल में चिकित्सालय स्टाफ से मनीष तोलंबिया,अकील अहमद गोरी, पूरणमल रेगर, मंसूर अहमद ,मनीष मेघवाल, विनीत तंबोली एवं अन्य कार्मिक एवं नर्सिंग कॉलेज निंबाहेड़ा के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कोटा के रायपुरा में बुजुर्ग दुकानदार की हत्या और लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर के रायपुरा इलाके में बुजुर्ग दुकानदार की हत्या कर नगदी लूटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेंद्र बैरवा निवासी गुलाबबाड़ी, रायपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुरेंद्र ने 29 सितंबर को शराब के नशे में रायपुरा क्षेत्र में स्थित दुकान पर अकेले बैठे 65 वर्षीय दुकानदार बाबूलाल बैरवा पर लोहे के मूसल से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बाबूलाल को एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने 50,000 नकद और अन्य सामान लूटकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 1000 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और खर्च पूरे करने के लिए छोटी-मोटी चोरी की वारदातें करने लगा था। उसके खिलाफ पहले से पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### आरोपी लाखों देकर खरीदते थे बैंक खाते, फिर इन म्यूल खातों के इस्तेमाल से करते थे ठगी

# बैंक खाता बेचने और बैंक खाता खरीदने वाले 04 शातिर आरोपियों को पुलिस थाना भवानीमण्डी ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमण्डी (अबुदुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुये साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं साईबर अपराध में संलिप्त खाता धारको के विरूद्ध प्रभावी कानुनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारीयो को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त बैंक खाता धारक दिनेश, कन्हैयालाल, राजेश व निखिल नामा को गिरफतार करने में महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है।

दिनांक 30.09.2025 तेजेन्द्रसिंह कानि. 1379 (साईबर नोडल थाना भवानीमण्डी) को म्युल खाता व पोस सिम अभियान के तहत एक गोपनीय सुचना प्राप्त हुई कि थाना ईलाके का निवासी 1. दिनेश 2. धीरेन्द्र स्वयं के बैंक खातो को म्यूल बैंक खातो के रूप में उपयोग कर उन म्युल बैंक खातों के माध्यम से बडे पैमाने पर साईबर धोखाधड़ी करते है। टेक्नीकल विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि दिनेश व उसके साथीयों ने मिलकर आमजन के साथ म्यूल बैंक खातों के माध्यम से साईबर फ्राड कर लाभ प्राप्त करते है इत्यादी घटना पर उक्त दोनो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सुचना व तकनीकी विश्लेषण द्वारा साईबर अपराध में संलिप्त बैंक खातो व खाता धारको की जानकारी प्राप्त की जाकर म्युल खाता धारक 01. दिनेश पुत्र मदनलाल जाति माली उम्र 22 साल निवासी गणेश बाग पचपहाड थाना भवानीमंडी जिला झालावाड राज 02. राजेश नागर पुत्र लक्ष्मीचन्द नागर जाति धाकड उम्र 30 साल निवासी पटाडिया धाकड पुलिस थाना पचोर जिला-रामगढ (म.प्र.) 03 कन्हैया लाल बागरी पुत्र पन्नालाल जाति बागरी उम्र 38 साल निवासी 44. आरा मशीन पर बिशन्या पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड (राज.) हाल गोपाल विहार कोलोनी हाउसिंग बोर्ड झालावाड पुलिस थाना कोतवाली झालावाड जिला-झालावाड (राज.) 04. निखिल नामा पुत्र विष्णु नामा जाति छीपा उम्र 20 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी, रामगंजमण्डी पुलिस थाना रामगंजमण्डी जिला-कोटा ग्रामीण (राज.) को भी गिरफतार करने में महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है।



## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का निम्बाहेड़ा में हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का बुधवार को निंबाहेड़ा आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वसुंधरा राजे उदयपुर से प्रतापगढ़ की ओर जा रही थीं, इसी दौरान निम्बाहेड़ा के छोटीसादड़ी मार्ग पर मड्डा चौराहा पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।



स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने जयघोषों से पूरा वातावरण गूंजा दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, वरिष्ठ नेता पारस पारख, चांदमल सोनी, वेदप्रकाश चतुर्वेदी, पंस निम्बाहेड़ा उपप्रधान जगदीश चंद्र आंजना, जिला उपाध्यक्ष औंकारलाल धाकड़, शौकीन चपलोत, जिला मंत्री पारस विरवाल, जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक दीपक अग्रवाल, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राधेश्याम टेलर, राजेश धाकड़, शैलेन्द्र पाटीदार, कारूलाल आंजना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, पंस प्रशासक रमेश बोरीवाल, अम्बालाल मीणा, पूर्व सरपंच कमलेश चावत, पूर्व मण्डल महामंत्री राजेश जैन, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, आशीष बोड़ाना, जगदीश माली, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेंद्र जाखड़, नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़ सीसीआई, अलीगढ़ (उ. प्र) समारोह में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सी सी आई के राष्ट्रीय निदेशक एवं कंज्यूमर वेलफेयर कॉउन्सिल के प्रमुख सचिव कैलाश कुमावत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में आयोजित एक भव्य समारोह में कंज्यूमर्स वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूप सिंह पाल ने उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए सीसीआई राजस्थान शाखा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़ को एक्सीलेंट कंज्यूमर एक्टिविस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए सीसीआई के निदेशक एवं कंज्यूमर वेलफेयर काउंसिल के प्रमुख सचिव कैलाश कुमावत ने कहा कि एडवोकेट ज्योति गौड़ उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में आम उपभोक्ता के हितों के लिए महत्वपूर्ण कीर्तिमान कार्य स्थापित किए हैं और उनको तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में भी सम्मानित किया जा चुका है।यह ऐसा पहला मौका है कि देश में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिला को यह सम्मान दिया गया है। साथ ही देश के प्रमुख उपभोक्ता आंदोलनकारी और कंज्यूमर कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया सीसीआई के नेशनल चेयरमैन डॉ. अनन्त शर्मा को द कंस्यूमर मैन ऑफ़ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. अनन्त शर्मा भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यकारिणी समिति के सदस् है। चेयरमैन व कंज्यूमर मैन डॉ. अनंत शर्मा ने अलीगढ़ समारोह से उपभोक्ता जागरूकता भारत यात्रा का आगाज़ किया।इस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए उपभोक्ता आंदोलनकारी ,अलीगढ़ टीम सदस्य, रूप किशोर, राजेश सिसोदिया, कुसुम लता शर्मा, रिंकू बघेल, संजुक्ता दास, ताहिर हुसैन इत्यादि सम्मिलित हुए।



## सांगानेरी गेट के पास बने सामुदायिक भवन की सफाई ओर मरम्मत करवाई जाए - एसडीपीआई

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी /भीलवाड़ा (अबुदुल सलीम मंसूरी)।** भवानीमंडी /भीलवाड़ा, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया भीलवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष जाकिर हुसैन मंसूरी ने कहा कि आज एसडीपीआई मेंबर सांगानेरी गेट पर निगम के सामुदायिक भवन पर पहुंचे तो वहां पर पूरे भवन में गंदगी फैली हुई थी ओर दरवाजे टूटे हुए थे आवारा कुत्ते विचरण कर रहे थे भवन की हालत बहुत खराब थी नगर निगम के महापौर ओर आयुक्त को एसडीपीआई ज्ञापन प्रेषित कर मांग करती हैं कि शहर में शादियों का दौर शुरू हो गया है और आम आदमी अपने बच्चों की शादी सरकारी सामुदायिक भवन में करते हैं मगर भवन की हालत बहुत खराब होने से इनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है निगम शहर में बने सामुदायिक भवनों की जल्द सुध लेकर इनकी जरूरी मरमत ओर साफ सफाई करवाए।



## 71वें वन्य जीव सप्ताह का बूंदी में भव्य समापन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, बूंदी में 71वें वन्य जीव सप्ताह 2025 का समापन समारोह आज भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस पूरे सप्ताह के दौरान आयोजित हुई विभिन्न रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के स्टाफ को सम्मानित किया गया।

वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत, रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अन्य युवा अभ्यर्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों और युवाओं को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के डीएफओ देवेंद्र सिंह भाटी, होमगार्ड के लिए डिप्टी राम सिंह और वन्य जीव प्रेमी पृथ्वीराज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। समापन समारोह में 100 से भी अधिक प्रतिभाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

प्रतिभागियों का कहना था कि प्रकृति संरक्षण और वन्य जीवों के प्रति संरक्षण का संकल्प लेना ही वन्य जीव सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है, ताकि प्राकृतिक वातावरण शुद्ध हो सके, ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाए जाएं, और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम किया जाए। यह सप्ताह रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व को करीब से जानने का एक शानदार अवसर रहा, इस दौरान होमगार्ड के डिप्टी राम सिंह,.रष्टस्न नारायण , रेंजर सुमित सहित कई फॉरेस्ट कर्मचारी उपस्थित रहे।



### नगर पालिका में सौंपा ज्ञापन

## शिव नगर कॉलोनी की सडक़ व लाइट व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी के वार्ड नंबर 40 स्थित शिव नगर कॉलोनी के बाशिंदों ने बुधवार को नगर पालिका परिसर में पहुंचकर सडक़ निर्माण और लाइट व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी तरुण लहरी और पालिका अध्यक्ष अखलेश मेड़तवाल को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से वे नगर पालिका के चक्कर काट रही हैं, लेकिन अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। कई बार लिखित रूप से ज्ञापन देने के बावजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन बाबेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम और वार्ड पार्षद महेंद्र सामरिया भी मौजूद रहे। जिन्होंने पालिका प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कॉलोनी की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



ज्ञापन में बताया गया कि शिव नगर कॉलोनी के समुदाय भवन से मिलती हुई गली की सडक़ लंबे समय से खराब पड़ी हुई है और वर्षा के दौरान वहां पानी भर जाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा है, जिससे गंदा पानी सडक़ों पर फैल जाता है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शिव नगर कॉलोनी का सर्वे करवाकर शीघ्र सडक़ व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा क्षेत्र में लाइट व्यवस्था में सुधार किया जाए।

## अजमेर जिला प्रमुख ने की साप्ताहिक जनसुनवाई, प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाडा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अधीनस्थ विभागों एवं विभिन्न अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को तत्काल निस्तारण के निर्देश जिला प्रमुख द्वारा दिए गए। राज्य सरकार से संबंधित प्रकरणों को राज्य स्तर पर अग्रेषित किया गया है। जिनमें विशेष परिवेदनाए/प्रकरण निम्नानुसार है।

1. भिनाय क्षेत्र के निवासियों द्वारा पत्राचार से प्राप्त लिखित शिकायत से अवगत कराया है कि पंचायत समिति भिनाय के प्रधान, उनके पुत्र तथा विकास अधिकारी द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार से संबंधित प्रकरण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसकी ग्रामीण जनों द्वारा पुष्टि भी की गई है अतः भष्टाचार के आरोप से जिला परिषद एवं पंचायतीराज विभाग की छवि धूमिल हो रही है। प्रार्थीगण ने उक्त समस्त प्रकरण की गहनता से जिला स्तरीय जॉच कर भिनाय क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करवाने हेतु निवेदन किया है।

2. सुमन कंवर राठौड़ प्रशासक ग्राम पंचायत गोला पंचायत समिति पीसांगन ने अवगत कराया कि राजस्व ग्राम रामपुरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय जिसमें 191 विद्यार्थी अध्ययनरत है। गांव से अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों की दूरी बहुत दूर है तथा आने जाने हेतु कोई भी साधन उपलब्ध नही होने के कारण विद्यार्थी वहां जाने मे सक्षम नही है। विद्यालय में अधिकांशतः बालिकाएं अध्ययनरत है। प्रार्थीया ने ग्राम रामपुरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत करवाने हेतु निवेदन किया है।

3. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नदी प्रथम सराधना के प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया कि कक्षा कक्षो की छत से पानी टपकने के कारण विद्यार्थियों को बैठने में समस्या होती है और साथ ही विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा भी नही हो पा रही है। प्रार्थी ने विद्यालय में विकास कार्य करवाने हेतु निवेदन किया है

## खेलकूद में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू- भिनाय प्रधान संपत राज लोढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 8 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता टैगोर ग्लोबल स्कूल एकलसिंगा में बुधवार को संपन्न हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भिनाय पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि संजय लोढा ने कहा कि खेल के दो पहलू हार -जीत है ।जीतने वाले सभी खिलाडियों को बधाई व हारने वाले खिलाड़ी निराशा न हो, मेहनत करते रहे वह आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयारी जारी रखें उनको भी सफलता मिलेगी द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल जाट ने कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाता है जो अनुशासन में रहता है वह आगे चलकर अपनी मंजिल प्राप्त कर लेता है। उन्होंने उपस्थित छात्र- छात्राओं से प्रश्नोत्तरी भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टैगोर ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर राजेश जोशी ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए जिला स्तरीय टूर्नामेंट लेने की भी घोषणा की समारोह को एकलसिंगा सरपंच हरिराम चौधरी पीईओ विश्वेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता के तकनीकी सलाहकार प्रकाश वैष्णव ने प्रतियोगिता रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि खो -खो प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अर्जुनपूरा ने छात्र व छात्रा वर्ग में खिताब अपने नाम किया। कबड्डी छात्र वर्ग में टैगोर ग्लोबल स्कूल अकाल सिंह का प्रथम व छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बदली विजेता रही। जिमनास्टिक में छात्रा वर्ग में टैगोर ग्लोबल स्कूल एकलसिंगा प्रथम रही, छात्र वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर विजय रही। इसी प्रकार 50 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में पहल पब्लिक स्कूल देवलिया कला का अंकित गुर्जर प्रथम , छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडली की रईसा बानो प्रथम रही।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आगाज, 518 एथलीटों ने दिखाया दमखम




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेवर में बुधवार को 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह उत्साह और जोश के माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत सिंह लोहागढ़ रहे, जबकि अध्यक्षता गिरधारी तिवारी ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनित शर्मा (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी)एव बच्चु सिंह संगीता फ़ौजदार श्यामसुंदर गौड़ (पार्षद) और गंभीर सिंह (डिप्टी फिजिकल, भरतपुर) उपस्थित रहे। प्रतियोगिता डायरेक्टर नटवर सिंह ने बताया कि इस बार की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 518 एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें 170 बालिकाएं और 348 छात्र शामिल हैं। प्रतियोगिता की संयोजक सुनीता चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगिता पर्यवेक्षक अजय फौजदार ने जानकारी दी कि बुधवार को आयोजित अंडर-17 छात्रा वर्ग की 800 मीटर दौड़ में पूर्वा शर्मा प्रथम, जिया द्वितीय तथा कुसुम तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर सुनील कुमार, कृष्णपाल और संदीप देशवाल सहित अनेक खेलप्रेमी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## समाज कल्याण सप्ताह का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित समाज कल्याण सप्ताह 2025 का समापन मयूरी विशेष विद्यालय सूर्य नगर धौलपुर में विशेष योग्यजन दिवस के रूप में किया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस बाल गृहों में मनाया गया, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका दिवस, 6 अक्टूबर को जन चेतना दिवस तथा 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन दिवस में रूप में मनाया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा विभाग की योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनीराम, छात्रावास अधीक्षक एवं संस्था के संचालक श्रीमती मधु गर्ग उपस्थित रहे।

### केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को तय लक्ष्यों के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करें

# जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात में अभी भी सुधार की काफी संभावनाएं : सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक जिला कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदन व सब्सिडी दावों में लंबित प्रकरणों को नियम समय सीमा में निस्तारित किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम युवा स्वरोजगार आदि योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाना सुनिश्चित करें।



बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए, सभी बैंकों को इस दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सुदूर क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की सभी वित्तीय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और शाखा विस्तार एवं मोबाइल बैंकिंग सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें।

बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित शाखाओं एवं उनकी उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात यानि सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की संभावनाएं हैं। सीडी रेशो में सुधार के लिए सभी बैंक अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक ऋण आवंटित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लिए ऋण आवंटन में बिलकुल भी देरी नहीं होनी चाहिए। इन योजनाओं के लाभार्थियों को उदारता से ऋण दिए जाने चाहिए। जिले में ऋण आवंटन के संबंध में बैंक अधिकारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कहा कि आम लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए तथा इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

नाबार्ड की एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम में बैंक अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं की जानकारी आम किसानों तक पहुंचाएं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करना, बैंकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। बैठक में कैलाशचन्द डीडीएम नाबार्ड, प्रमोद कुमार मंडल प्रमुख पीएनबी सहित विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## शुद्ध के लिए युद्ध के तहत 11500 किलो खाद्य तेल सीज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इस हेतु चलाए जा रहे शुद्ध हर मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देश, जिला कलेक्टर महोदय तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन मैं 8 अक्टूबर 25 को ओल्ड रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मित्तल फूड प्रोडक्ट का निरीक्षण किया जिसमें तेल का स्टोरेज एवं ट्रेडिंग का काम किया जा रहा था। मौके पर फार्म में14 स्टोरेज टैंक मौजूद थे जिनमें से दो टैंक में लगभग 11500 किलो तेल स्थित था साथ ही एक खुली टंकी में लगभग 200 किलो तेल स्थित स्थित था सभी टैंक इस खुली टंकी से जुड़े हुए थे जिसमें सभी टैंक से टंकी में और टंकी से सभी टैंकों में तेल आ जा सकता है मौके पर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त फॉर्म में अलग-अलग टैंक से तेल टंकी में मिक्स किया जाता है जिससे तेल में मिलावट का अंदेशा है अतः उक्त फर्म से टैंक नंबर 7 तथा टैंक नंबर एक एवं खुली टैंक टंकी से एक-एक नमूना एफएसएस एक्ट 2006 के अंतर्गत वास्ते जांच लिया गया तथा टैंक नंबर 7 में स्थित लगभग 8000 किलो एवं टैंक नंबर 1 में स्थित लगभग 3500 किलो तेल को मौके पर ही सीज किया किया गया नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं आगे की कार्यवाही नमूने का जांच परिणाम प्राप्त होने के पश्चात की जाएगी इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे दीपावली त्यौहार को देखते हुए आने वाले दिनों में भी निरीक्षण एवं नमूनीकरण हेतु अभियान जारी रहेगा अभियान के दौरान व्यापारियों से अनुरोध है कि वह साफ सफाई का ध्यान रखें एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ ही जनता को उपयोग हेतु विक्रय करें साथी सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि वह त्योहार मौसम में खाद्य पदार्थ खाद्य पदार्थ खरीदते वक्त पैकेट पर निर्माण तिथि एक्सपायरी तिथि देखकर ही खाद्य पदार्थ खरीदें एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर जिला कार्यालय खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण पर सूचित किया।



## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** सोशल मीडिया पर जेसीबी मशीन से चरागाह भूमि में अवैध खनन और ग्रामीणों के विरोध को लेकर वायरल वीडियो के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला प्रशासन ने अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। ब्यावर जिला कलक्टर कमल राम मीना ने बताया कि मंगलवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जिसमें निमाज क्षेत्र में जेसीबी मशीन से चारागाह भूमि में अवैध खनन करने तथा ग्रामीणों के विरोध के दृश्य सामने आए। जिस पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग, जैतारण की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने हल्का पटवारी ग्राम निमाज-1 एवं पुलिस जाप्ता के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण में पाया कि संबंधित क्षेत्र में एक नाडी बनी है, जिसके दक्षिण-पूर्व दिशा में साधारण मिट्टी एवं मुर्रम के अवैध खनन के तीन ताज़ा पिट (खड्डे) पाए। मौके पर साधारण मिट्टीः 420 टन साधारण मिट्टी, 1350 टन मुर्रम, 2700 टन मुर्रम की अनुमानित अवैध खनिज मात्रा पाई गई।

खनन की नहीं अनुमति

जिला कलक्टर मीना ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि राजस्व ग्राम निमाज, खसरा नंबर 1129/1, रकबा 75.0772 हेक्टेयर में स्थित है, जहां कोई खनन की अनुमति नहीं है। यह अवैध खनन राजस्थान खनिज (नियम एवं विनियम) आरएमएमसीआर, 2017 के नियम 54 तथा एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध है।

**सत कार्रवाई के निर्देशः** जिला कलक्टर ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की है। ऐसे प्रकरणों पर सतत निगरानी रखने एवं भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर सत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## दूबरा स्कूल के छात्र राजीव का जवाहर नवोदय में हुआ चयन शिक्षकों ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूबरा के छात्र राजीव कुमार का 6 वीं कक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धि पर स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह की शुरुआत में कक्षाध्यापिका भावना शर्मा ने छात्र राजीव एवं उनके पिता बहादुर सिंह का रोली का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराया।




शिक्षक नेता राजेश शर्मा एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य आशीष शर्मा ने छात्र राजीव कुमार की इस कामयाबी पर खुशी जताते हुए विद्यालय की ओर से पटका पहनाकर एवं कलम भेंट कर सम्मान करते हुए नवोदय स्कूल में प्रवेश लेने हेतु विदा किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्माने कहा कि आज के विद्यार्थी देश का कल का भविष्य है। छात्र-छात्रा लक्ष्य निर्धारित करते हुए मन लगाकर पढ़े ।

उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से कोई भी मंजिल प्राप्त की जा सकती है। शिक्षक नेता एवं कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी शिक्षा दीक्षा एवं मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। किसी भी विद्यार्थी के आगे बढने में शिक्षकों के साथ-साथ उनके माता-पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। वरिष्ठ शिक्षक रामनरेश व साधना गहलोत ने बच्चों से कहा कि जीवन में माता-पिता शिक्षकों से बढक़र कोई नहीं होता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को दिन की शुरुआत माता-पिता, परिवार के बड़ों तथा स्कूल में शिक्षकों के अभिवादन व चरण स्पर्श करआशीर्वाद के साथ किया करें तो उन्हे आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता। अध्यापिका सुमन मीणा ने बताया कि गत सत्र में कक्षा 5 में 9 नामांकित छात्र-छात्राओं में से मात्र एक छात्र राजीव ने नवोदय की प्रवेश परीक्षा दी और उसमें शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर अपने परिवार के साथ पूरे स्कूल का मान बढ़ाया है।इस मौके साधना गहलोत,रामनरेश, भावना शर्मा,सुमन मीणा ,अमिता, शारीरिक शिक्षिका कृष्णा पारीक मौजूद रहीं।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

# विशेष योग्यजन बच्चों के लिए आयोजित हुई प्रतियोगिताए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विशेष रूप से सक्षम बच्चों में खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 का पुरस्कार वितरण अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव की अध्यक्षता में मयूरी विशेष विद्यालय धौलपुर में किया गया।




कार्यक्रम में सचिव द्वारा लंबी-कूद में प्रथम विजेता निशांत सिंह को 400 रुपये नगद पुरस्कार एवं गोल्ड मेडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय विजेता रोहित को 300 रुपये नगद पुरस्कार एवं सिल्वर मेडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय विजेता रहे जिज्ञांस मथुरिया को 200 रुपये नगद पुरस्कार एवं ब्रॉन्ज मेडल तथा प्रमाण-पत्र वितरित किया। बैडमिंटन में प्रथम रहे निशांत सिंह को 400 रुपये नगद पुरस्कार गोल्ड मेडल एवं प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे वैष्णवी सिंह चौहान को 300 रुपये नगद पुरस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय रहे आलोक को 200 रुपये नगद पुरस्कार एवं ब्रोंच मैडल तथा प्रमाण-पत्र वितरित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता मे प्रथम रहे आलोक को 400 रुपये नगद पुरस्कार एवं गोल्ड मेडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे वैष्णवी सिंह चौहान को 300 रुपये नगद पुरस्कार एवं सिल्वर मेडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय रहे अजय कुमार को 200 रुपये नगद पुरस्कार एवं ब्राउन मैडल तथा प्रमाण-पत्र वितरित किया। इसी प्रकार कैरम मे प्रथम रहे प्राची को 400 रूपये नगद पुरूस्कार एवं गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे हर्षवर्धन को 300 रूपये नगद पुरूस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र एवं तृतीय रहे प्रतिष्ठा को 200 रूपये नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्ज मैडल तथा प्रमाण-पत्र का वितरण किए गए साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

साथ ही सचिव ने मयूरी विशेष विद्यालयों के बच्चों को नालसा, रालसा व डालसा की कार्यप्रणालियों के बारे में विस्तार से बताया एवं नालसा के द्वारा जारी स्कीमों नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं स्कीम 2024, नालसा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम 2024, नालसा स्कूल छोडने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता योजना 2025 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय के प्रकरण रिट पीटिशन 1011, 2022 के संबंध में समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही भारत के लोकपाल के अधिदेश और कार्यप्रणाली के बारे में, अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए विरूद्ध अस्पृश्यता और अत्याचार, बाल विवाह, मीडियेशन फॉर दी नेशन अभियान, राष्ट्रीय लोक अदालत, पॉश एक्ट व नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 एवं साथ ही जिले में ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 के उद्देश्य को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के संबंध में मोबाइल न्यायालयों की कार्यप्रणाली, प्रकरण दायर करने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध विधिक सहायता के बारे में भी विस्तार से उपस्थित बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर मयूरी विशेष विद्यालय के छात्रों द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करके अपनी कला का भी प्रदर्शन किया।

# राज्य स्तर पर चयनित कपासन के तस्वरिया विद्यालय की मेधावी छात्रा ममता गाडरी को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )।** इंस्पायर्ड अवॉर्ड में क्षैत्र के राजकीय विद्यालय तस्वारिया की मेधावी छात्रा ममता गाडरी का राज्य स्तर पर चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तस्वारिया के संस्था प्रधान सी.पी. सिरोया ने बताया कि जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चित्तौडग़ढ़ में संपन्न हुई।जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रो से 210 प्रतिभागियों द्वारा कई प्रकार के मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधानसभा कपासन के मात्र राजकीय विद्यालय तस्वारिया की मेधावी छात्रा ममता गाडरी का राज्य स्तर पर चयन होने से खेलप्रेमियों, स्थानीय विद्यालय एवं ग्रामीणजनो में हर्ष की लहर व्याप्त हो गयी।साथ ही राजकीय विद्यालय तस्वारिया की मेधावी छात्रा ममता गाडरी को सम्मानित करने हेतु सेवानिवृत्त शिक्षाविद् शंभुलाल भट्ट एवं पीईईओ बामनिया दिलीप कुमार उपाध्याय आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर विहिप संगठनों ने किया कपासन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विहिप संगठनों द्वारा मंगलवार सांय विधिपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल,मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी आदि विहिप संगठनों के संयोजन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का नगर के बस स्टेंड स्थित रामद्वारा परिसर में आयोजन किया गया।इस दौरान रामस्नेही संप्रदाय के संत कीमतराम महाराज,विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख मुकेश खटिक आदि द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पं. राजू व्यास द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधिपूर्वक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसमे भवानीशंकर जीनगर ने काव्यगीत प्रस्तुत किया। इस शस्त्र पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कीमतराम महाराज ने कहा कि जाति बिरादरी में न बंटे एवं एक साथ एकजुट रहने की विचारधारा पर जोर दिया।विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने शस्त्र ज्ञान की महत्ता के साथ आगामी दिनों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर युवा वर्ग को युवा वर्ग को प्रशिक्षित करने संबंधी जानकारी प्रदान की।

# पुलिस की दो बड़ी कार्रवाई , 3 तस्कर पकड़े, अफीम का दूध व डोडा पोस्त किया बरामद



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिला स्पेशल टीम और ब्यावर सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 1.035 किलो अफीम का दूध जब्त किया, जबकि बर थाना पुलिस ने 71.04 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी जब्त कियायह कार्रवाई एसपी रतन सिंह के निर्देशन एवं एएसपी भूपेंद्र शर्मा के सुपरविजन में की गई।गिरफ्तार आरोपियों में विकम सिंह राजपुरोहित, मुकेश माली और महेन्द्र गुर्जर शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में तस्करी से जुड़ी और जानकारियां मिलने की संभावना है।

# गिव अप : 37 लाख अपात्रों ने छोड़ा हक, 65 लाख वंचितों को मिला अन्न का अधिकार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजस्थान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान ने सामाजिक न्याय, सेवा भावना और संवेदनशील प्रशासन का नया अध्याय लिख दिया है। इस ऐतिहासिक पहल के तहत अब तक 37 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थियों ने स्वप्रेरणा से खाद्य सुरक्षा योजना का त्याग किया है, जिससे 65 लाख से अधिक वंचित पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सका है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निर्धन और असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत चलाया गया गिव अप अभियान गरीबों के हक में सेंधमारी रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है।उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद से अब तक 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना और आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना जैसी सुविधाएं भी प्राप्त हो रही हैं। ब्यावर जिले में अब तक 66,061 संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है। इससे बनी रिक्तियों से 1,52,367 पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है।

## उच्च न्यायालय के आदेश की हो रही खुलेआम अवहेलना, पुलिस और माइनिंग विभाग पर मिलीभगत का आरोप, लीजधारक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

# बनास नदी में अवैध खनन पर उपजा ग्रामीणों का रोष

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** ग्रामीणों ने बनास नदी क्षेत्र में चल रहे अवैध बजरी खनन और उच्च न्यायालय जयपुर की सिविल पिटीशन संख्या 4250/2012 में दिए गए आदेशों की खुलेआम अवहेलना को लेकर कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि न्यायालय द्वारा एलएनटी और जेसीबी मशीनों से खनन पर प्रतिबंध के बावजूद लीजधारक महादेव इन्क्लेव प्रा.लि. द्वारा भारी मशीनों से खनन किया जा रहा है।

3 अक्टूबर 2025 को थाना बड़लियास में सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस अवैध गतिविधि के खिलाफ लिखित शिकायत दी। ग्रामीणों ने बताया कि जब महिलाओं ने डम्परों से मोहरम और बबलु के पेड़ों को नदी में भरकर ले जाने का विरोध किया, तो पुलिस द्वारा उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। इस घटना की तस्वीरें समाचार माध्यमों में भी प्रकाशित हुईं। ग्रामीणों का आरोप है कि अब पुलिस स्वयं पेट्रोलिंग कर बजरी निकालने में मदद कर रही है और विरोध करने वालों को डराया-धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि माइनिंग विभाग और लीजधारक की मिलीभगत से ब्लॉक नंबर 7 में नियमों के विपरीत गहराई तक खनन किया जा रहा है। जहां नियमानुसार 0.5 मीटर तक खनन की अनुमति है, वहीं 8 से 10 मीटर गहरा खनन किया जा रहा है। इससे न केवल नदी के बहाव क्षेत्र को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है।

आरोप यह भी लगाया गया कि लीजधारक ने चरागाह भूमि को खोदकर कई रास्ते बना दिए हैं, जिससे 20 हेक्टेयर क्षेत्र की घास पूरी तरह नष्ट हो चुकी है और मवेशी भूख से मरने की कगार पर हैं। वहीं पर्यावरण स्वीकृति की शर्त के अनुसार प्रतिवर्ष 10 हजार पेड़ लगाने की बाध्यता के बावजूद अब तक एक भी पेड़ नहीं लगाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि लीजधारक के कर्मचारी स्थानीय लोगों को अवैध हथियारों से डराते-धमकाते हैं और इनमें कई हिस्ट्रीशीटर व वांछित अपराधी भी शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी कर्मचारियों की पहचान सार्वजनिक की जाए ताकि किसी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित नहीं की गई और एलएनटी -जेसीबी मशीनों का प्रयोग बंद नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी बनास नदी से एक भी कण बजरी नहीं निकलने देंगे। उनका कहना है कि बनास हमारी मां है, राजस्थान की भागीरथी गंगा है - इसके संरक्षण के लिए हम प्राण न्योछावर करने को तैयार हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि लीजधारक महादेव इन्क्लेव प्रा.लि. के खिलाफ न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दर्ज किया जाए, अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, और माइनिंग विभाग व पुलिस की मिलीभगत की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# भीलवाड़ा में पूर्व सीएम स्व. शिवचरण माथुर एवं स्व. सुशीला देवी की मूर्ति का अनावरण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** स्वर्गीय शिवचरण माथुर और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सुशीला देवी की मूर्ति का भव्य अनावरण समारोह बुधवार को सुशीला देवी कन्या महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस की राजनीति के कई बड़े नेताओं ने शिरकत की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. एम. पल्लम राजू, एआईसीसी मीडिया डिपार्टमेंट चेयरमैन पवन खेड़ा, पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी और दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा सहित अनेक कांग्रेसी दिग्गज नेता उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सचिन पायलट ने कहा कि स्व. शिवचरण माथुर का पूरा राजनीतिक जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि माथुर जी ने नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। पायलट ने कहा कि स्वर्गीय शिवचरण माथुर ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल जैसे बड़े ओहदे पर रहकर आम नागरिकों के प्रति जनसेवा मैं अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाई । स्वर्गीय माथुर जी ने हमेशा आमजन से जुड़ाव बनाए रखा और जनहित मे सर्वोपरि बने रहे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे स्वर्गीय माथुर जी के साथ कार्य करने का बहुत बड़ा सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि माथुरजी जिस दौर में मुख्यमंत्री रहे उस दौरान राजस्थान को सुशासन की राह दिखाई। गहलोत ने कहा कि जिस भूमि पर आज यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, इस भूमि को उन्होंने अपने कार्यकाल में आवंटित किया था। गहलोत ने स्व. माणिक्यलाल वर्मा, स्व. नारायणी देवी, स्व. शिवचरण माथुर और स्व. सुशीला माथुर को नमन करते हुए कहा कि ये सभी स्वतंत्रता संग्राम और समाज सेवा की महान परंपरा के प्रतीक रहे हैं।

# पालना गृहों का किया निरीक्षण, सुरक्षित व्यवस्था के दिए निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** हाल ही में बिजौलिया में 15 दिन के नवजात शिशु को मुंह में पत्थर ठूंसकर फेंकने की हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। इस तरह की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर (राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर) ने संज्ञान लेते हुए सभी जिलों में स्थित पालना गृहों के निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों की पालना में मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा श्री विशाल भार्गव ने जिले के दो पालना गृहों - महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा एवं राजकीय दत्तक ग्रहण एजेंसी, राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, पालड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पालना गृहों के संचालन की स्थिति, नवजात शिशुओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं, स्वास्थ्य व्यवस्था एवं दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए।

# कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर की प्रगति के संबंध में ली समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शहर चलो अभियान तथा गाँव चलो अभियान के अंतर्गत लग रहे शहरी सेवा शिविर एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की बुधवार को वी सी के द्वारा समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शिविरों में आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए और लोगों को संतुष्टिपूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार संसाधनों की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-ही प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्व के अनुसार बेहतरीन प्रोग्रेस दर्ज करे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारिगण समेत वीसी के माध्यम से समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टोंक जिला जेल का निरीक्षण कर जानी बंदियों की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** अपर जिला एवं सेषन न्यायाधीष व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने बुधवार को जिला कारागृह, टोंक का साप्ताहिक निरीक्षण कर जिला कारागृह टोंक में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। न्यायाधीश ने कारागार में स्थित विधिक सेवा क्लिनिक का अवलोकन किया तथा जेल परिसर की साफ सफाई पर संतोष प्रकट किया। जेल में भोजन की गुणवता की जांच की गई। बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कारागृह में पुरूष बंदी 440 एवं 03 महिला बंदी मौजूद थे। इस दौरान जेलर राजेश मीणा, सब जेलर राजेश कुमार, एसिसटेंट लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल अधिवक्ता पंकज कुमावत एवं पीएलवी मदन व डीएसलएसए, टोंक कार्मिक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट पत्रकारिता की सूची में दैनिक बढ़ता राजस्थान कपासन में सम्मानित

कपासन (नि.स.)। उत्कृष्ट पत्रकारिता को लेकर नगर पालिका मंडल कपासन द्वारा दशहरा मेला 2025 के तहत चयनित सम्मानित सूची में यहां लगातार पाठकों की पसंद बन रहे दैनिक बढ़ता राजस्थान समाचार पत्र द्वारा नियुक्त कपासन विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि सुनील कुमार डभाड़ीया को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,कपासन के वरिष्ठ समाजसेवी एवं स्वर्णकार समाज अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी,नगर पालिका पार्षद वंदना सोनी,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,पार्षद प्रतिनिधि दिनेश सोनी आदि गणमान्यजनों द्वारा अजमीढ़ जयंती के अवसर पर एसआर वाटिका में आयोजित समारोह में दैनिक बढ़ता राजस्थान के प्रतिनिधि सुनील कुमार डभाड़ीया को उपरना,प्रशस्ति पत्र सहित जन-जन की आस्था के केंद्र प्रभु श्री राम की छवि धारण किये प्रतीक चिन्ह को भेंटकर सम्मानित किया गया।



## ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों को दिलाई शपथ, खेल भावना के साथ प्रदर्शन का लिया संकल्प

# खेलों में बेटियों का दमः 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर( अनिल सिखवाल)। खेल प्रतिभा और उत्साह का संगम 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर देखने को मिला। देलवाड़ा रोड स्थित सनातन स्कूल के खेल मैदान में आयोजित उद्घाटन समारोह में खिलाडियों ने जोश और अनुशासन के साथ भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) ब्यावर ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाडियों को खेल भावना और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई।इस अवसर पर रेणु गहलोत (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जैतारण), एसीबीओ हर्षवर्धन शर्मा (जवाजा) और जिला खेल प्रभारी गोविंद लाल सेनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समारोह के दौरान विद्यालय प्राचार्य एवं संयोजक गुरुशरण गोयल ने सभी अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप साफा बंधन, माल्यार्पण व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।प्रतियोगिता में 17 व 19 आयु वर्ग की छात्राओं के बीच एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें ब्यावर, बदनोर, जवाजा, मसूदा, जैतारण व रायपुर क्षेत्र के 42 विद्यालयों की 226 छात्राएं भाग ले रही हैं।चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिलेगा। मैदान में छात्राओं के उत्साह, जोश और जज्बे ने दर्शकों की तालियां बटोरीं।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत कपासन के दामाखेड़ा विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स. )।** सांसद खेल महोत्सव के तहत क्षैत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दामाखेड़ा में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का बुधवार को आयोजन किया गया ।जिसमे सरपंच ग्राम पंचायत दामाखेड़ा मोहनलाल जाट एवं मुरलीधर अहीर प्रधानाचार्य आदि गणमान्यजन अतिथि रूप उपस्थित रहे ।

सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक शिक्षक महबूब खान ने बताया कि उक्त सांसद खेल महोत्सव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में संडियाड़ा,वॉलीबॉल में दामाखेड़ा,क्रिकेट में ताराखेड़ी एवं रस्साकसी में दामाखेड़ा की टीम विजेता रही।साथ ही समापन कार्यक्रम में विजेताओं को विधायक प्रतिनिधि रतननाथ योगी,मोहनलाल जाट,संपतलाल जाट,आसाराम जाट आदि गणमान्यजनों के आतिथ्य में प्रमाण पत्र व पारितोषित प्रदान किये।उक्त समारोह का संचालन गोपालकृष्ण नामधर द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में दुर्गालाल कुम्हार, शकील मोहम्मद, मोहम्मद सलीम भाटी, श्यामलाल कुमावत, भगवती सोनी, किशनलाल गुर्जर, राम भांबी, सुनिता सिरोया,संगीता विजयवर्गीय, राजकुमारी विजयवर्गीय, प्रियंका पाल, संगीता, दीपिका, सोनूलता टांक, सीमा विजयवर्गीय, पिंकी गौड़, सुभाष उपाध्याय, राकेश कुमार भट्ट, राकेश गर्ग, मंजू टेलर, नवनीत विजयवर्गीय, मनोज सिहाग आदि थे।



## बाड़मेर में शोभायात्रा के साथ थार महोत्सव का शुभारंभ, प्रतियोगिताएं आयोजित

# मुंबई में पढ़ने वाली नक्षत्री बनीं थार सुंदरी, मेकेनिक डाबी ने जीता थार श्री का खिताब

**बढ़ता राजस्थान**

**बाड़मेर ( निसं )।** बाड़मेर में बुधवार को थार महोत्सव की शुरुआत हुई। इस फेस्टिवल की शुरुआत गांधी चौक से शुरू हुई शोभायात्रा से हुई। इसके बाद सभी आदर्श स्टेडियम पहुंचे।

इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई। मुंबई के सोफिया कॉलेज में पढ़ने वाली नक्षत्री थार सुंदरी बनीं। नक्षत्री करीब 35 तोला सोना पहनकर इस कार्यक्रम में पहुंचीं। वहीं मैकेनिक का काम करने वाले धर्मेंद्र डाबी ने थार श्री का खिताब जीता है।

घुड़सवारी प्रतियोगिता में बाड़मेर शहर निवासी रूपसिंह रूपसिंह अपने घोड़े श्याम को लेकर पहुंचे। इस दौरान दादा-पोता दौड़ में 67 साल के मूलाराम और 14 साल के पोते महिपाल ने रेस जीती।

इसी तरह कपल रेस में सरकारी टीचर सवाईराम अपनी पत्नी का हाथ पकड़कर दौड़े और रेस जीती। इस रेस में 50 साल के बुजुर्ग दंपती ने भी हिस्सा लिया। वहीं महिलाओं ने सिर पर मटका लेकर दौड़ लगाई। इस मटका दौड़ में बिशाला की रतनी विजेता रही। रतनी ने बताया कि वह पहली बार इसमें हिस्सा ले रही है।

**डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभायात्रा :** कलेक्टर टीना डाबी ने इसकी शुरुआत की। गांधी चौक से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, नेहरु नगर होकर करीब डेढ़ किलोमीटर सफर तय कर आदर्श स्टेडियम पहुंची। शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा से फेस्टिवल का आगाज हुआ। ऊंट और घोड़ों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलीं।

**बुजुर्ग दंपती ने भी लिया हिस्सा :** कपल रेस में 6 जोड़ों ने हिस्सा लिया था। इनमें 50 साल के हनुमानराम और उनकी 47 साल की पत्नी गैरो देवी भी थी। दोनों रेस तो जीत नहीं पाए लेकिन एक-दूसरे का हाथ पकड़ इस रेस को पूरा किया। दोनों बुजुर्ग दंपती को रेस में दौड़ता देख वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाई।



### श्याम घोड़ा चैम्पियन

बाड़मेर शहर निवासी रूपसिंह राजस्थानी ड्रेस में घोड़ा लेकर आदर्श स्टेडियम में पहुंचे। रूपसिंह ने बताया कि उनका घोड़ा श्याम सात बार का चैम्पियन है। पणिहारी मेले में वह सात बार रेस जीत चुका है। रूपसिंह ने दावा किया कि उनका ये नंबर वन घोड़ा है।

### टीचर सवाई राम ने जीती कपल रेस

कपल रेस में सरकारी टीचर सवाई राम और उनकी पत्नी लता ने रेस जीती। सवाई राम की पत्नी यहां राजस्थानी वेशभूषा में पहुंची। दोनों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ रेस के टारगेट को पूरा किया। सवाई राम ने बताया कि वे गांव में रेस की प्रैक्टिस करते थे। इससे पहले 2022 में हुए थार महोत्सव में भी रेस जीती थी।

---

### बिहार विधानसभा चुनाव के वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व सीएम बिहार रवाना

# एसएमएस हॉस्पिटल अग्निकांड जैसा मिस मैनेजमेंट जीवन में नहीं देखा : गहलोत

**बढ़ता राजस्थान**

**चित्तौड़गढ़ ( निसं )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- राज्य सरकार के पास खुद की कोई ताकत नहीं बची है। मुख्यमंत्री तो दूर, आज एमएलए और एमपी की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अगर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है, तो आम जनता को कैसे राहत मिलेगी?

गहलोत ने कहा- सरकार को जनता की परेशानियों की कोई परवाह नहीं है। हालात ऐसे हैं कि लोग कहां जाएं, किससे अपनी बात कहें, यह समझ नहीं पा रहे हैं। गहलोत बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में बिहार रवाना हुए। वे उदयपुर एयरपोर्ट के रास्ते चित्तौड़गढ़ होकर निकले। देवरी के पास उन्होंने मीडिया से बात की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- एसएमएस अग्निकांड में कई लोगों की मौत हुई लेकिन किसी ने परिजनों की सुध नहीं ली। इतना बड़ा मिसमैनेजमेंट मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। परिजन अपने परिजनों की लाशें तक नहीं पहचान पा रहे थे। प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं थी। बहुत बुरी लापरवाही हुई है।



राजनीतिक सवालों पर बोलते हुए गहलोत ने कहा कि बिहार में कांग्रेस को राहुल गांधी की यात्रा से अच्छा माहौल मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'गुरुवार को मैं बिहार पहुंचूंगा, वहां की स्थिति देखूंगा। राहुल गांधी की यात्रा के कारण जनता में पॉजिटिव रिस्पॉन्स आ रहा है। मुझे विश्वास है कि इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी।'

उन्होंने कपासन के सूरज माली मामले का जिक्र किया। गहलोत ने बताया कि वे हाल ही में अहमदाबाद जाकर सूरज माली से मिले थे, जिसके साथ मारपीट हुई थी। उन्होंने कहा कि सूरज का स्वास्थ्य अब पहले से बेहतर है और कई लोग उसकी मदद कर रहे हैं। गहलोत बोले कि वे इस पूरे मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उमुझे हैरानी है कि मुख्य आरोपी को सिर्फ एक दिन में जेल भेज दिया गया, उससे पूछताछ तक नहीं की गई। पुलिस ने यह तक नहीं पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया और किसके कहने पर किया।

गहलोत ने बताया कि प्रशासन ने सूरज माली को 25 लाख रुपए देने का वादा किया था, जिनमें से 20 लाख रुपए अब तक दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इलाज का खर्च भी सरकार ने उठाया है और उम्मीद जताई कि प्रशासन अपने वादे को पूरा करेगा।

---

# एसएमएस में मौत का आंकड़ा छिपाया जा रहा : जूली

**बढ़ता राजस्थान**

**भरतपुर ( निसं )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- 6 अक्टूबर की रात एसएमएस अस्पताल के अंदर जिस तरह से आग लगी। उसमें लोगों को बचाया जा सकता है। मैं खुद वहां हॉस्पिटल गया। मुझे भरतपुर का एक परिवार मिला। उनके परिवार के व्यक्ति की मौत हुई। जब मुख्यमंत्री रात को गए तो, उन सभी पीड़ितों को भगा दिया गया। सभी सबूत मिटा दिए गए। धुलाई कर दी गई। सीएम दौरा करके वापस आ गए।



जूली ने कहा- पीड़ित परिवारों को शवों के लेने के लिए भी धरना देना पड़ा। जो लोग हादसे में बचे हैं उन्हें आज तक नहीं बताया गया कि वह कौनसे वार्ड में एडमिट हैं। हादसे में और भी लोगों की मौत हुई, जो बताया नहीं है। अगर मेरी बात पर यकीन नहीं है तो, दोनों आईसीयू के मरीजों की डिटेल ले लीजिए और आने वाले 1 सप्ताह के अंदर किसी की भी मौत इलाज के दौरान डिक्लेयर कर देंगे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बुधवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद तिवारी को श्रद्धांजलि देने के लिए भरतपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- इससे पहले भांकरोटा में बहुत बड़ा हादसा हुआ, कई जानें चली गई। उसके बाद सरकार ने नियम बनाए कि अवैध कट को हम बंद करेंगे। ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करेंगे और ऐसे हादसे भविष्य में नहीं हो इसके लिए काम करेंगे।

कल भी आरटीओ ने एक गाड़ी को रुकवाया वहां अवैध कट था। वहां एक्सीडेंट हो गया। रात का समय था इसलिए जान माल की हानि कम हुई। उसके बाद भी लोगों की मौत हुई है। अगर दिन का समय होता तो, वहां लाशों की लाइन लग जाती। जिम्मेदार लोग सो रहे हैं।

### सिरप में डीईजी केमिकल

सिरप विवाद पर टीकाराम जूली ने कहा- लगातार देश के अंदर मौतों का सिलसिला जारी है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में 20 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। तमिलनाडु और पंजाब ने इस दवा पर बैन लगा दिया है। इस दवा के अंदर डीईजी नाम का एक केमिकल है जो बहुत ही हानिकारक है। साल 2021 में इस दवा को दिल्ली सरकार ने भी बैन किया था। वहां भी 20 बच्चे बीमार हो गए थे। भरतपुर से भी बच्चों की मौत हुई है।

जूली ने कहा- इस दवा से बीजेपी सरकार को क्या लोभ है। जो बीजेपी इस दवा को बैन नहीं कर रही। जो दवा सप्लाई कर दी जो दवा आमजन के पास चली गई उन्हें वापस नहीं मंगवाया गया। सर्वे नहीं करवाया गया जबकि सरकार के पास पूरा डेटा है। ब्लैक लिस्टेड कंपनी से कौन दवाएं खरीद रहा है। इस पर हत्याओं का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। फ्री दवा के नाम पर राजस्थान की जनता को मारना चाह रहे हैं।

---

# एसआई भर्ती-2021 मामले में फाइनल सुनवाई 24 नवंबर से

## सुप्रीम कोर्ट ने 3 महीने में सुनवाई पूरी करने के दिए थे निर्देश

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर ( कासं )।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 को रद्द करने के एकलपीठ के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच 24 नवंबर से फाइनल सुनवाई शुरू करेगी। बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने मामले में फाइनल सुनवाई की तारीख तय करते हुए सभी पक्षकारों को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए कहा।

इससे पहले बुधवार को मूल याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने कोर्ट में प्रार्थना-पत्र पेश करते हुए कहा कि मामले में गिरफ्तार आरपीएससी के पूर्व सदस्यों और दलालों के खिलाफ पेश चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि यह चार्जशीट एकलपीठ में सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर नहीं थी। इस पर कोर्ट ने प्रार्थना-पत्र की कॉपी महाधिवक्ता को देने के निर्देश दिए। वहीं फाइनल सुनवाई के समय ही प्रार्थना पत्र को तय करने के लिए कहा।

एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 28 अगस्त को भर्ती रद्द करने का फैसला किया था। इसके खिलाफ ट्रेनी एसआई की अपील पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच ने 8 सितम्बर को एकलपीठ के फैसले पर रोक लगा दी थी। वहीं ट्रेनी एसआई की फील्ड ट्रेनिंग की अनुमति दी थी।

डिवीजन बैंच के आदेश के खिलाफ मूल याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने डिवीजन बैंच के फैसले पर रोक लगाते हुए यथास्थिति के आदेश दिए थे। वहीं हाईकोर्ट से कहा था कि वह तीन महीने में अपील पर सुनवाई पूरी करें।

**मंजू शर्मा की अपील को भी टैग करने के निर्देश :** इसके साथ ही अदालत ने आरपीएससी की पूर्व सदस्य मंजू शर्मा की अपील को भी इस मामले के साथ ही टैग करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 28 अगस्त के अपने फैसले में आरपीएससी सदस्यों पर गंभीर टिप्पणियां की थीं। मंजू शर्मा ने अपने खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की है।

उन्होंने अपील में कहा- उनके खिलाफ कठोर और अनुचित टिप्पणियां की गई हैं, जबकि उन्हें न तो इस याचिका में पक्षकार बनाया गया और न ही उन्हें सुनवाई का मौका दिया गया।

हाईकोर्ट की एकलपीठ के फैसले के बाद मंजू शर्मा ने 1 सितंबर 2025 अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे 15 सितंबर को राज्यपाल ने मंजूर कर लिया था।

---

# बाड़मेर में इंडो-पाक बॉर्डर पर पाकिस्तानी पिता-पुत्र को पकड़ा

**बढ़ता राजस्थान**

**बाड़मेर ( निसं )।** बाड़मेर से सटी इंडो-पाक बॉर्डर के जीरो पॉइंट पर क्रस्स्न ने दो पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है। इसमें से एक नाबालिग है जो 7 साल का है। गश्त के दौरान ये दोनों बीएसएफ के जवानों को पाकिस्तानी बॉर्डर के करीब चलते हुए नजर आए थे। बीएसएफ ने इन दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में सामने आया है कि उसके रिश्तेदार पहले से ही भारत में रह रहे हैं।

बीएसएफ ने जब दोनों पिता-पुत्र को पुलिस को सौंपा तो नाबालिग रोने लगा। सुबकते हुए पुलिस से बोला- भूख लग रही है, खाने को दो।

दोनों को बीएसएफ ने इंटरनेशनल बॉर्डर गांव जानपालिया के पास जीरो पॉइंट से दोनों को पकड़ा था। बुधवार दोपहर 3 बजे पकड़ा था। इसके बाद शाम 6:30 बजे बाड़मेर के सेड़वा थाना इलाके की पुलिस को सौंप दिया।

---

# घरवालों को बिना बताए चानणा धाम जा रहे थे; खड़े ट्रक में घुसी कार, 3 युवकों की मौत

**बढ़ता राजस्थान**

## अनूपगढ़ के गांव 2पीजीएम में एक साथ उठी तीन अर्थियां

**अनूपगढ़ ( निसं )।** श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ के गांव 2पीजीएम में बुधवार शाम को एक साथ तीन अर्थी उठी। तीनों की मौत जैतसर में सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे-94 पर गांव 5 जीबी पुलिया के पास एक सड़क हादसे में हुई थी। तीनों युवक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ चानणा धाम बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी टैक्सी कार सड़क पर खड़े ट्रक में घुस गई। शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे। टैक्सी काटकर तीनों शव को बाहर निकाला गया। गांव के श्मशान घाट में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

जैतसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल शिव जी राणा ने बताया-उन्हें रात करीब 3:45 बजे सूचना मिली थी कि 5 जीबी पुलिया के पास एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई है। हादसे में मुखराम उर्फ कालूराम (18) पुत्र मदनलाल उसके चचेरे भाई नरेश (20) पुत्र बुधराम के अलावा दोस्त सुरेंद्र (20) पुत्र पप्पूराम की मौत हो गई। नरेश और सुरेंद्र की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं कालूराम ने सूरतगढ़ अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कार चालक जगदीश (28) पुत्र मनीराम और सुखदेव (19) पुत्र श्रवण राम बावरी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका श्रीगंगानगर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।




नरेश और सुरेंद्र का शव जैतसर, वहीं कालूराम का शव सूरतगढ़ से बुधवार दोपहर करीब 3 बजे दो गाड़ियों से एक साथ गांव पहुंचे। जैसे ही शव गाड़ियों से उतारे गए गांव में कोहराम मच गया। नरेश और कालूराम कि मां और बहने रोते हुए बार बार दोनों को उठने के लिए कह रही थी।

वहीं सुरेंद्र का शव उनके घर पहुंचा तो उसकी मौसी और 3 बहनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सुरेन्द्र की 2 छोटी बहन मोनिका और ममता रोते हुए बार-बार अपने भाई को पुकार रही थी। मोनिका के मुंह से सिर्फ एक ही बात निकल रहा थी कि 'भाई तू बिना बताए घर से क्यों गया' दोनों बहनों की तबीयत बिगड़ने पर मौके पर ही डॉक्टर को बुलाना पड़ा।

सुरेंद्र के बड़े भाई सुनील ने बताया-करीब 15 साल पहले उनके माता-पिता की एक बीमारी के कारण मौत हो चुकी है। वे 6 भाई-बहन है। सुरेंद्र चौथे नंबर का था। सुरेंद्र अनूपगढ़ के बाजार में एक दुकान पर लोहे की संदूक और अलमारी बनाने का काम करता था। मंगलवार रात करीब 8:30 बजे सुरेंद्र घर पर ही था। उस दौरान उसका दोस्त सुखदेव बाइक लेकर घर आया। सुखदेव ने अपनी बाइक हमारे घर खड़ी की। कुछ देर बार सुरेंद्र और सुखदेव हमारी बाइक लेकर घर से चले गए।

---

## चौधरी ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में कनेक्शन नहीं देने और पानी चालू नहीं करने पर भी नाराजगी जताई

# केंद्रीय मंत्री के नाराज होने पर बैठक में पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**बढ़ता राजस्थान**

**अजमेर ( निसं )।** केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने रीट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। बैठक दोपहर 12 बजे शुरू होनी थी। मंत्री बैठक के समय पहुंच गए लेकिन कलेक्टर लोक बंधु और एसपी वंदिता राणा नहीं आए। इस पर चौधरी ने नाराजगी जताई। जिला परिषद सीईओ को निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर-एसपी पहुंचे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताई। सड़क, पानी, बिजली की समस्याओं को लेकर अफसरों पर लापरवाही, भ्रष्टाचार और परेशान करने के आरोप भी लगाए गए। चौधरी ने अफसरों को फटकार लगाई और कहा कि समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें।

वहीं बैठक में जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे और अपनी समस्याएं बता रहे थे। इस पर कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि जो दिशा के सदस्य नहीं, वे बाहर चले जाए। इसके बाद सदस्यों की मौजूदगी में बैठक हुई।

चौधरी ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में कनेक्शन नहीं देने और पानी चालू नहीं करने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की गति धीमी होने और बिजली ट्रिपिंग की बार-बार हो रही समस्या के समाधान के भी निर्देश दिए।



हॉस्पिटल में बेहतर इलाज मिले, इसके लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सड़कों की दशा सुधारने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मुद्दे और सुझाव प्रस्तुत किए। जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सभी विभाग टीम भावना के साथ काम करें ताकि अजमेर जिला विकास के हर सूचकांक पर अग्रणी बन सके और केंद्र सरकार की योजनाएं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार कर सकें। बैठक में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, भाजपा नेता किशनगोपाल दरगड़ आदि मौजूद रहे।

---

# स्कूल के लिए मजदूर और टीचर ने दान किए 2-2 लाख रुपए

**बढ़ता राजस्थान**

**पाली ( निसं )।** ये सरकारी स्कूल 75 साल पुराना है, जब झालावाड़ स्कूल हादसे की खबर सुनी तो दिल बैठ गया। यहां करीब 237 बच्चे पढ़ते हैं। उनकी चिंता सताने लगी इसके वॉट्सऐप ग्रुप को एक्टिव कर भामाशाहों और ग्रामीणों को जोड़ा और मदद मांगी।

यकीन नहीं हुआ जब 111 लोगों ने मिलकर 3 महीने में 40 लाख रुपए इकट्ठे कर लिए। भामाशाहों के अलावा गांव में मजदूरी करने वाले ग्रामीण ने भी 2 लाख से ज्यादा का सहयोग दिया। स्कूल में पिंक टॉयलेट, ओपन जिम, छ्ष्ट्ठ्ठञ्जक्क कैमरे, फर्नीचर जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। साथ ही टपकती छत, गिरते प्लास्टर को भी हटाकर नया प्लास्टर किया जा रहा है।

स्कूल के प्रिंसिपल गुलाब राम हटेला बताते हैं- 25 जुलाई को झालावाड़ के पिपलौदी गांव में सरकारी स्कूल में हुए हादसे के बाद लगा कि हमारी स्कूल भी बेहद पुरानी है। यहां भी ऐसा हादसा न हो जाए। ऐसे में, ग्रामीणों और स्टाफ से चर्चा कर इसकी मरम्मत कराने की ठानी। हटेला ने बताया- बरसात के दौरान छत से पानी टपकता था। ऐसे में स्टूडेंट को बैठने में दिक्कत होती थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।